डी.एन.एफ.ई. एंड ई.एस.सी./एस.टी. केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के सहयोग से पहली तथा दूसरी कक्षाओं के लिए जनजातीय भाषा में शिक्षण-अधिगम सामग्री के विकास के लिए कुछ समय से कार्य करता रहा है। लगभग 8 जनजातीय भाषाओं में शिक्षण-अधिगम सामग्री को पहले ही तैयार किया जा चुका है। आजकल अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय भाषा में सामग्री तैयार की जा रही है। डी.एन.एफ.ई. एंड ई.एस.सी./एस.टी. को 4 जनजातीय भाषाओं में शिक्षण-अधिगम सामग्री के विकास हेतु मणिपुर से अनुरोध प्राप्त हुए।

4.5 विकलांगों की एकीकृत शिक्षा

4.5.1 रा.शि.नी. (1986) में शारीरिक व बौद्धिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए समान शिक्षा का प्रावधान तथा रा. शि.यो. के ऐक्शन-कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर सुविधाविहीन बच्चों सहित शिक्षा के सार्वजनीकरण का लक्ष्य रखा गया है। एनसीईआरटी ने कंपोजिट एरिया एप्रोच का इस्तेमाल करके क्षेत्र प्रदर्शन आयोजित किया जिसमें ऐसे बच्चों को अधिकाधिक

संख्या में लाने की कोशिश की गई, जिन्हें विद्यालय प्रणाली में अपनी कम समझ या विशेष आवश्यकता की वजह से या तो विद्यालय से निकाल दिया गया या उन्होंने स्वयं विद्यालय छोड़ दिया। विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत यूनिसेफ तथा मा.सं.वि.मं. के सहयोग से देश के विभिन्न भागों की कठिन परिस्थितियों वाले ऐसे 10 प्रदर्शन स्थलों को तैयार किया गया। इस वर्ष गैर परियोजना क्षेत्रों में विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा की योजना को लागू करने के लिए मिले-जुले क्षेत्रों के दृष्टिकोण का यह प्रयोग कर शिक्षा देने की जानकारी के आदान-प्रदान पर विशेष बल दिया गया। प्रभावी शिक्षण के लिए विद्यालयों तथा कक्षाओं के चलाने में नवाचारी अनुसंधान तथा प्रयोग कार्यकलाप प्रारम्भ किए गए। विकलांग बच्चों के माता-पिता एवं अध्यापकों तक पहुंचना, विद्यालय कार्यक्रमों में पाक्षिक प्रसारण के प्रावधान वाला टेलीविद्यालय भी आरंभ किया गया। कम बुद्धि वाले या सीखने में जिन्हें परेशानी हो, ऐसे बच्चों के लिए हिन्दी में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तैयार किए गए। विलांगों की संगठित शिक्षा के अन्तर्गत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की विशिष्टताओं का विवरण नीचे दिया गया है :

4.5.2 अनुसंधान और मूल्यांकन

4.5.2.1 शिक्षण-अधिगम तथा कक्षा उपलब्धि के लिए अध्यापक तथा छात्र की अभिवृत्ति के संबंध में अध्यापक शिक्षा संसाधन पैक की प्रभावोत्पादकता पर आधारित प्रशिक्षण कार्यनीतियाँ–एक बहुस्थानीय सहयोगी कार्य अनुसंधान परियोजना

सभी बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं विशेषकर विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने पर विद्यालयों तथा कक्षाओं में 3 दिसंबर, 1991 में बहुस्थानीय कार्य अनुसंधान परियोजना आरंभ की गई। 22 संस्थाओं (डी.आई.ई.टी.) शिक्षा महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के विभागों, विद्यालयी शिक्षा में कार्यरत विद्यालय तथा गैर-सरकारी संगठनों के समन्वयकों की कक्षा में व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु शिक्षा शास्त्र का प्रयोग करने पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा प्रशिक्षण प्रभावों को व्यवहार में लाने के लिए इन अध्ययनों की रूपरेखा के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस परियोजना के लिए रा.शै.अ.प्र.प. तकनीकी तथा नाममात्र की वित्तीय सहायता दे रही है। प्रशिक्षण का प्रथम चरण तथा अध्ययन की रूपरेखा पूरी की गई। अध्ययन मार्च 1993 तक पूरा हो जायेगा

4.5.2.2 विकलांग बच्चों की शिक्षा के बारे में शैक्षिक प्रशासकों तथा अध्यापकों के विचार

अध्ययन 11 राज्यों में चलाया जा रहा है जिसमें 47 विद्यालय, 59 प्रशासक, 48 संस्थाओं के अध्यक्ष, 37 प्रमुख अध्यापक तथा 96 सामान्य अध्यापक शामिल हैं। अध्ययन से पता चलता है कि उन प्रशासकों तथा अध्यापकों को जिन्हें मार्गदर्शन दिया गया था तथा जो यूनिसेफ सहायता प्राप्त पी.आई.ई.डी. या केन्द्र प्रायोजित आई.ई.डी.सी. योजना का कार्यान्वियन कर रहे हैं, विकलांग बच्चों की सामान्य विद्यालयों में ही शिक्षा के पक्ष में थे। इसमें सुझाव दिया गया है कि पी.आई.ई.डी. के अन्तर्गत क्षेत्रीय निदर्शन से प्राप्त कार्यान्वियन एवं इस प्रणाली को अपना रहे आई.ई.डी.सी. के कार्यान्वियन की प्रक्रिया की योजना के कार्यान्वियन के प्रसार हेतु प्रयोग किया जा सकता है।

4.5.2.3 प्रारंभिक पहचान और मध्यस्थता में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयुक्तता

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा योजना (पी.आई.ई.डी.) को बढ़ावा देने के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु चार सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। अध्ययन से प्रकट होता है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकलांग बच्चों की सेवा करने में कार्यात्मक मूल्यांकन से बहुत फायदा हुआ। पी.आई.ई.डी. परियोजना की सहायता से वे उन बच्चों का पता लगा सकते हैं तथा प्राथमिक विद्यालयों में उनके एकीकरण के लिए सहायता कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रारंभिक मध्यस्थता दक्षता को और अधिक उन्नत करने की इच्छा व्यक्त की।

4.5.3 विकास

4.5.3.1 हिन्दी में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का विकास

1991-92 के दौरान आई.ई.डी. कार्यक्रम के अन्तर्गत गैर मुद्रित सामग्री की एक सीरीज बनाई गई इसमें अन्य बातों के साथ-साथ इलैक्ट्रॉनिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित प्रौद्योगिकी विकास परियोजना के अन्तर्गत हिन्दी में कम्प्यूटर सहायता प्राप्त शिक्षण-अधिगम के लिए सॉफ्टवेयर का विकास भी शामिल है। चूंकि आलेखिकी (ग्राफिक्स) के बारे में कोई भी उपकरण हिन्दी में उपलब्ध नहीं थे, जो शैक्षिक सॉफ्टवेयर के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण हैं, 'शब्द चित्र' नामक उपकरण 'टर्बो पासकल' में विकसित किया गया। 1990-91 के दौरान बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के कार्यक्रमों के लिए पाण्डुलिपियाँ तैयार की गईं इन्हें टर्बोपास्कल के कार्यक्रमों में परिवर्तित कर दिया गया है। लिखने वाली भाषा में त्रुटि, स्थापनापत्ति आदि पर अभ्यास दिए गए हैं।

4.5.3.2 विशेष आवश्यकताओं पर वीडियो कार्यक्रमों का विकास

वर्ष 1991-92 में कार्यक्रमों के दो सेट तैयार किए गए। निदर्शन परियोजना का प्रलेखन शुरू किया गया। 'सफल प्रयास' नामक शीर्षक के अन्तर्गत मिजोरम में पी.आई.ई.डी. के कार्यान्वयन और प्रक्रिया का प्रलेखन पूरा किया गया। हरियाणा के बारे में प्रलेखन को सम्पादित किया जाना है। 'नाच मन मेरे' कार्यक्रम में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही मानसिक रूप से विकलांग दो बालिकाओं की सफलता की कहानी को प्रलेखित किया गया है तथा दूसरी कहानी मिजोरम के मानसिक रूप से विकलांग एक बालक एवं एक बालिका की सफलता की है, जिसे सम्पादित किया जाना हैं।

कार्यक्रमों की दूसरी सीरीज विद्यालय परियोजना के अन्तर्गत मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के अभिभावकों तथा अध्यापकों के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. में प्रयोजन मूलक शिक्षा पर कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। इस गतिविधि के अंतर्गत 1991-92 के दौरान दो कार्यक्रम बनाए गए।

4.5.3.3 अध्यापक शिक्षा पर यूनेस्को संसाधन पैक का भारतीय अनुकूलन

कक्षा में विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने पर एन.सी.ई.आर.टी. की टीम तथा सात अन्य देशों के साथ मिलकर तैयार किया गया यूनेस्को संसाधन पैक का क्षेत्र परीक्षण तथा भारतीय संस्कृति के संदर्भ में उनका अनुकूलन किया गया। यह सामग्री सीखने के लिए सक्रिय तरीकों को अपनाने वाली बाल केन्द्रित शिक्षा तथा उन्हें सीखने में स्वयं को जिम्मेवार बनाने के लिए बहुत फायदेमंद है। इस सामग्री के साथ ही 'कोर्स लीडर्स गाइड विद सक्जेम्पलर्स ऑफ ट्रेनिंग मैथडोलौजी' तथा 'लर्निंग टूगैदर' शीर्षक एक वीडियो कार्यक्रम भी तैयार किया गया। विकासात्मक कार्यक्रमों का विवरण तालिका 4.5 में दिया गया है।

4.5.4 प्रशिक्षण कार्यक्रम

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। डी.आई.ई.टी. तथा सी.टी.ई.एस. के अध्यापक प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभाग के अध्यापक प्रशिक्षण के अतिरिक्त अन्य अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए। अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं तथा शैक्षिक विभागों आदि में विशेष शिक्षा संकायों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण तालिका 4.5 में दिया गया है।

4.5.5 समर्थन

सामान्य रूप से विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा को अध्यापक शिक्षा में नवाचारी अभ्यासों को समुन्नत करने तथा विद्यालय शिक्षा पर भविष्य के परिप्रेक्ष्य तथा विशेष रूप से अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अनेक समर्थन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुस्तकों तथा रिपोर्टों का शैक्षिक प्रशासकों, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों, शिक्षा में उच्च अध्ययन की संस्थाओं, शिक्षा महा विद्यालयों/विभागों तथा एस.सी.ई.आर.टी. में प्रचार किया गया। 1991-92 के दौरान आई.ई.डी. के अन्तर्गत आयोजित कार्यकलापों का विवरण तालिका 4.5 में दिया गया है।

1991-92

4.5.6 आई.ई.डी. पर गैर सरकारी संगठनों का सम्मेलन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संस्तुतियों के अनुसार विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा के लिए गै.स.सं. के कार्यों को बढ़ाने हेतु अध्यक्षों एवं सचिवों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कई गैर सरकारी संगठन विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा के कार्यक्रमों को समर्थन के लिए राज्य सरकारों एवं मा.सं.वि.मं. को प्रस्तुत करने के लिए आगे आए। अनेक संगठन इस क्षेत्र में पहले से ही कार्य शुरू कर चुके हैं।

4.5.7 परामर्श और समर्थन

रा.शै.अ.प्र.प. ने अध्यापक शिक्षा तथा विशेष शिक्षा के लिए अनेकों अभिकरणों तथा संगठनों को परामर्श व समर्थन प्रदान किया जैसे—नीपा, अली यावर जंग नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर हियरिंग हैंडीकेप्ड, बंबई, नेशनल इन्स्टीटयूट फॉर दी विजुअली हैंडीकेप्ड, देहरादून, नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर दी मेन्टली हैंडीकेप्ड सिकन्दराबाद पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली, अमर ज्योति चैरीटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली एंड ग्वालियर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग, कुरूक्षेत्र, बनारस, एस.एन.डी.टी., अविनाशीलिंगम इन्स्टीट्यूट ऑफ होम साइंस, कोयम्बटूर, सभी एस.सी.ई.आर.टी., म्यूनिसिपल कारपोरेशन ऑफ दिल्ली ऐंड बड़ौदा, निपको, दिल्ली ठाकुर हरि प्रसाद इन्स्टीट्यूट ऑफ रिहेब्लिटेशन, हैदराबाद, नेशनल एशोसिएशन फॉर ब्लाइन्ड, दिल्ली, कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली, यूनेस्को तथा यूनिसेफ।

4.5.8 प्रकाशन

राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों, संगठनों तथा व्यक्तियों के लिए निम्नलिखित प्रकाशनों तथा रिपोर्टों का प्रचार किया गया :

मुद्रित

1. एजुकेशन ऑफ चिल्ड्रन विद सीईंग प्रॉबलम : फोकस ऑन सिमेनिंग साइट।
2. रिकमन्डेशन ऑफ एन.जी.डी. कान्फ्रेन्स ऑफ आई.ई.डी.
3. मल्टीसाइट एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन टीचर एजुकेशन ऑन स्पेशल एजुकेशन टू मीट स्पेशल नीड ऑफ डिसएडवान्टेज्ड चिल्ड्रन।
4. रिपोर्ट ऑफ दी ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑफ डी.आई.टी. फैकल्टी ऑन स्पेशल नीड्स इन दी क्लासरूम
5. रिपोर्ट ऑफ मिड टर्म रिव्यू ऑफ पी.आई.ई.डी.
6. रिव्यू ऑफ प्लानिंग मीटिंग ऑफ पी.ओ.ए.
7. इम्पैक्ट ऑफ ट्रेनिंग ऑफ आँगनवाड़ी वर्क्स ऑन फॉर अर्ली आइडैन्टिफिकेशन एंड सिम्यूलेशन ऑफ चिल्ड्रन विद लर्निंग डिसएब्लिटीज इन मिजोरम।
8. ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन स्पेशल एजुकेशन फॉर टीचर एजुकेटर्स ऑफ डी.आई.ई.टी
9. इफेक्टिवनेस ऑफ रिसोर्स पैक बेस्ड टीचर ट्रेनिंग स्टडीज इन टर्म्स ऑफ टीचर एंड प्यूपिल एटीट्यूड टू लर्निंग टीचिंग ऐंड क्लास एचीवमैंट-ए मल्टीसाइट कोलेबोरेटिव एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट
10. रिपोर्ट ऑफ यूनेस्को स्पोनसर्ड सब-रीजनल वर्कशॉप ऐंड सेमिनार ऑन स्पेशल नीड्स इन्न दि क्लासरूम।

गैर-मुद्रित

11. टेलीकास्ट ऑफ सिक्स वीडियो प्रोग्राम्स इन हिन्दी, गुजराती, मराठी, उड़िया ऐंड तेलगू लैंग्वेजिज फॉर पैरेन्ट्स एंड टीचर्स
12. टेलीकास्ट ऑफ फाइव वीडियो प्रोग्राम्स ऑन टीचर ट्रेनिंग :
    लर्निंग टूगैदर कॉपरेटिव बेस्ड एप्रोच एट इन्टरनेशनल लेवल थ्रू यूनेस्को।

1991-92

तालिका 4.5

1991-92 में डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस. द्वारा आयोजित कार्यशालाएं/संगोष्ठी/सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
विकास				
1.	विकलांग बच्चों के विकास हेतु सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर सहायता प्राप्त अधिगम-शिक्षण पर कार्यशाला	8 से 17 जुलाई, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	5
2.	कक्षा में विशेष आवश्यकताओं के लिए वीडियो कार्यक्रमों का विकास (विशेषज्ञ दल बैठक-8)	अप्रैल, 1991 से मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	—
प्रशिक्षण				
3.	विशेष शिक्षा में डी आई ई टी संकाय के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	6 से 17 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	46
4.	आई.ई.डी. के क्षेत्र में मणिपुर के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	16 से 27 सितम्बर, 1991	नई दिल्ली	34
5.	विशेष आवश्यकताओं पर बहुस्थानीय कार्य अनुसंधान के समन्वयकों का प्रशिक्षण	27 नवम्बर, से 4 दिसम्बर, 1991	आई.सी.ई. मैसूर	39
6.	कक्षा में विशेष आवश्यकताओं पर उप-क्षेत्रीय कार्यशाला तथा संगोष्ठी	18 से 25 नवंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	17
	समर्थन एवं प्रसारण			
7.	विद्यालयी शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	18 से 19 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	85
8.	संगोष्ठी पठन कार्यक्रम	2 से 4 अप्रैल, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	1
9.	विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु गै.स.सं. की राष्ट्रीय कार्यशाला	3 से 5 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	25
10.	शैक्षिक प्रशासकों की राज्यवार बैठक	6 से 7 दिसंबर, 1991	उदयपुर	32
11.	स्थान पर ही अनुभवों के आदान-प्रदान पर अंतर्राज्यीय परियोजना	3 से 4 सितंबर, 1991	भिवानी	30

1991-92

4.6 महिला समानता के लिए शिक्षा

4.6.1 रा.शै.अ.प्र.प. 'पाठ्यचर्या एवं अध्यापक' शिक्षा में उपयुक्त परिवर्तन करके बालिकाओं की शिक्षा की प्रोन्नति एवं लड़के तथा लड़की में भेद को मिटाने के लिए कटिबद्ध है। महिला अध्ययन विभाग लड़कियों की शिक्षा के लिए विकासात्मक नीतियों के कार्यान्वयन तथा विशेष कार्यक्रमों में केन्द्र एवं राज्यों की सहायता करता है।

4.6.2 1991 में शिशु बालिका के 'सार्क दशक' के लिए कार्य शुरू किए गए। रा.शै.अ.प्र.प. के महिला अध्ययन विभाग को सार्क कार्यकलापों की रूप रेखा के अंतर्गत भारत में महिला शिक्षा के लिए नोडल बिन्दु के रूप में निर्दिष्ट किया गया। इसने 1991-2000 के दशक के लिए लक्ष्य, प्राथमिकताएँ, कार्यनीतियाँ एवं कार्यक्रम बनाने के लिए एक नया संदर्श प्रदान किया।

4.6.3 म.अ.वि. के अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण एवं विस्तार कार्यकलापों का लक्ष्य सर्वप्रथम लड़कियों की प्रारंभिक शिक्षा का सार्वजनीकरण; शांति और विकास के ढाँचे में लड़के-लड़की के भेद को मिटाना; लड़कियों में आत्मविश्वास पैदा करना; लड़कियों में नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता उत्पन्न करना तथा गैर-पारंपरिक एवं व्यावसायिक रोजगारों में लड़कियों की भागीदारी को बढ़ाना है। इससे संबंधित कार्यनीतियों में जागरूकता पैदा करना; पाठ्यचर्या की रूपरेखा पुनः तैयार करना, अध्यापक शिक्षा में योगदान देना; पाठ्यचर्या तैयार करने वालों तथा पाठ्यपुस्तक लेखकों का मार्गदर्शन व प्रशिक्षण; नीति बनाने तथा कार्यान्वयन के लिए डाटा बेस व अनुसंधान की सुविधाएँ देना; मीडिया के साथ संपर्क करना; राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों, विश्वविद्यालयों, शिक्षा विभागों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ नेटवर्क कायम करना एवं राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र के रूप में काम करना शामिल है।

4.6.4 महिला अध्ययन विभाग ने सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों के राज्य शिक्षा सचिवों, शिक्षा निदेशकों जैसे मा.सं.वि.मं., योजना आयोग, नीपा, निपकोड, विश्वबैंक, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., संयुक्त महिला कार्यक्रम तथा विश्वविद्यालयों से परामर्श करके शिशु बालिका के 'सार्क दशक' के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की। अन्य बातों के साथ-साथ कार्य योजना में नीति निर्माण एवं प्रबंधन भी शामिल हैं। परामर्श बैठकों में यह सिफारिश भी की गई कि ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा के लिए अलग से धन की व्यवस्था की जाए, विशेषतः उन राज्यों में जहाँ लड़कियों की शिक्षा में पिछड़ापन है।

4.6.5 विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने पर यूनेस्को प्रायोजित राष्ट्रीय अध्ययन पूरा किया। इस अध्ययन में जिला स्तर पर विभिन्न शैक्षिक एवं संबद्ध संकेतकों का विश्लेषण किया गया एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई। अध्ययन में बालिकाओं की शिक्षा के बारे में स्थिति की वास्तविक तस्वीर उजागर की गई है विशेष रूप से उन ग्रामीण क्षेत्रों की जो वंचित समूहों से संबंधित हैं तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे हैं। इस अध्ययन में लड़कियों तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सुविधाविहीन समूहों की प्राथमिक शिक्षा की उन्नति के लिए योजना बैठक से संबंधित 'कंट्री पेपर' तैयार करने का आधार भी मिला। यह पेपर 30 जुलाई से 8 अगस्त 1991 तक चियांगमाई, थाईलैंड में हुई योजना बैठक में प्रस्तुत किया गया। इस योजना बैठक में तीन वर्ष की एक परियोजना

तैयार की गई जिसे यूनेस्को, क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकॉक द्वारा धन प्रदान किया गया।

4.6.6 मा.सं.वि.मं. के अनुरोध पर, महिला अध्ययन विभाग ने प्रारंभिक शिक्षा में बालिकाओं की निरन्तरता अथवा अनिरन्तरता के कारणों का पता लगाने पर एक प्रमुख अनुसंधान अध्ययन चलाया। अध्ययन चार क्षेत्रों– दिल्ली, बंबई, राजस्थान तथा उड़ीसा में चलाया गया जिसमें शहरी गंदी बस्तियों तथा गरीब ग्रामीण समूहों के लगभग 4000 परिवारों तथा 10,000 से अधिक बालिकाओं को शामिल किया गया। यह अध्ययन निर्धन समूहों की न केवल शैक्षिक तथा सामाजिक वंचितता का एक रेखाचित्र प्रस्तुत करता है अपितु इन समूहों की बालिकाओं में शिक्षा की निरंतरता हेतु सहयोगी सकारात्मक तथ्यों को भी प्रकट करता है।

4.6.7 वर्तमान शताब्दी में सन् 1991 तक की जनगणना में महिला कल्याण एवं महिलाओं के संवर्धन से जुड़े लोगों को यह जानकर अत्यंत आघात पहुँचा कि पुरुषों के अनुपात में महिलाओं की संख्या न्यूनतम है। विभाग ने इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप एक दिन की एक संगोष्ठी आयोजित की जिसमें शिक्षा और मीडिया के लिए इस तथ्य में निहितार्थ पर विचार करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के 80 विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह देखा गया है कि लिंग अनुपात तथा साक्षरता दर दोनों का अवश्य ही एक दूसरे से संबंध है, इस प्रकार, बालिका तथा महिला शिक्षा के लिए भविष्य में सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी में लिंग का पता लगाने के लिए परीक्षणों पर रोक लगाने के अतिरिक्त वर्तमान स्थिति में सुधार के लिए जन्म, मृत्यु तथा शादी के अनिवार्य पंजीकरण की भी सिफारिश की गई।

4.6.8 विभाग ने आरंभ में राज्यों के प्रमुख स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने हेतु महिला शिक्षा की प्रविधि पर सात सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के कुछ मुख्य परिणाम हैं :

महिला शिक्षा एवं विकास पर अवस्थिति-पत्र तैयार करना, पाठ्य-पुस्तकों से लिंग संबंधी भेद-भाव दूर करने के लिए पाठ्यपुस्तक-लेखकों के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्तों का विकास; लिंग संबंधी भेदभाव को हटाने के विचार से प्राथमिक स्तर पर एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन तथा प्रतिभागियों द्वारा महिला शिक्षा एवं विकास पर कार्य आधारित परियोजना की तैयारी है।

4.6.9 विभाग ने वंचित समूहों, ग्रामीण गरीबों तथा शहरी गंदी बस्तियों को ध्यान में रखकर बालिका शिक्षा एवं विकास के लिए डाटा बेस को बढ़ाना जारी रखा। मुख्य शैक्षिक तथा सामाजिक कारणों का समावेश कर भारत में बालिका-शिक्षा पर एक तथ्य-प्रपत्र भी तैयार किया गया तथा व्यापक रूप से इसका प्रचार किया गया।

4.6.10 अध्यापक शिक्षा में उपयुक्त योगदान देने के लिए महिला अध्ययन विभाग ने देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय, इन्दौर की शिक्षा के उच्च शिक्षा संस्थान के सहयोग से मध्य प्रदेश में अध्यापक शिक्षकों के लिए एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला मे विषयों तथा शैक्षिक सिद्धान्तों के शिक्षण माध्यम से लड़के-लड़कियों में समानता व जीवन-मूल्यों को शामिल करने की भी सिफारिश की गई।

1991-92

4.6.11 विभाग ने दो मुख्य श्रेणियों—'मानसी परिचय माला' तथा 'नारी की विकास यात्रा' के अन्तर्गत महिला समानता के लिए शिक्षा हेतु निदर्शनात्मक सामग्री का विकास किया।

4.6.12 म.अ.वि. ने बालिकाओं की आकांक्षा के स्तर एवं उनकी शिक्षा तथा लिंग भेद को दूर करने से संबंधित दृष्य-श्रृव्य कार्यक्रमों में भाग लिया। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ बालिकाओं की आकांक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं वंचित समूहों की बालिकाओं की प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण से संबंधित अन्य विषयों पर 12 रेडियो कार्यक्रम शामिल हैं।

उपरोक्त दर्शाए कार्यक्रमों/कार्यकलापों के अतिरिक्त महिला अध्ययन विभाग के संकाय ने दिनांक 12-13 मार्च, 1992 को रा.शै.अ.प्र.प. परिसर में यूनिसेफ, के सहयोग से 'महिला समानता के लिए शिक्षा' पर विशेष प्रदर्शनी के आयोजन सहित कुछ अन्य बैठकों तथा कार्यक्रमों में भाग लिया।

4.6.13 ***प्रकाशन***

1. दृष्टि और दिशा
2. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में नारी की संवेदना
3. आधुनिक हिन्दी काव्य में नारी की छवि (भारतेन्दु से लेकर स्वतंत्रता-पूर्व तक)
4. आधुनिक हिन्दी काव्य में नारी का बिम्ब
5. इमेज ऑफ वूमैन इन तमिल फिक्शन
6. इमेज ऑफ वूमैन इन उड़िया शॉर्ट स्टोरीज
7. इमेज टू वूमैन इन उर्दू लिट्रेचर
8. वूमैन इन साइंस, टैक्नोलॉजी ऐंड मेडीसिन
9. इंडियन वूमैन इन स्पोर्ट्स ऐंड गेम्स
10. रिपोर्ट ऑफ द यूनेस्को स्पौंसर्ड स्टडी ऑन यूनीवर्सलाइजेशन ऑफ प्राइमरी एजुकेशन ऑफ रूरल गर्ल्स इन इंडिया
11. ड्राफ्ट रिपोर्ट ऑन दी स्टडी ऑफ फैक्टर्स फॉर कन्टीन्यूएन्स ऐंड डिकन्टीन्यूएन्स फॉर गर्ल्स इन एलीमैन्ट्री स्कूलिंग

1991-92 के दौरान महिला अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला, प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों आदि का विवरण तालिका 4.6 में दिया गया है।

तालिका 4.6

1991-92 के दौरान महिला अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
1.	**बालिका शिक्षा के विकास के लिए नीतियों का कार्यान्वयन**			
1.	लिंग अनुपात के ह्रास पर संगोष्ठी	6 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	80
2.	राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों, स्वैच्छिक संगठनों में सहयोगी कार्यक्रम, महिला अध्ययन केन्द्र (हिमाचल प्रदेश में बालिका शिक्षा के विकास हेतु सरकारी तथा गैरसरकारी	17 से 19 जून, 1991	शिमला	25

1		2	3	4	5
		संगठनों के बीच विकसित सहयोग)			
	3.	सार्कदशक 1991-92 के दौरान शिशु बालिका की शिक्षा तथा विकास के लिए राज्य तथा जिला स्तर की कार्य योजना की तैयारी पर परामर्श-बैठक	23 से 24 दिसंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	65
2.		**प्रारंभिक शिक्षा में बालिकाओं की निरन्तरता अथवा अनिरन्तरता के कारणों का अध्ययन**			
	1.	सभी सत्रों से प्राप्त विचारों पर प्रश्नावली को अन्तिम रूप देने हेतु बैठक	7 से 8 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
	2.	समन्वयकों की बैठक	23 से 24 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	6
	3.	कनिष्ठ परियोजना अध्येता वृत्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	25 से 30 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	19
	4.	समन्वयकों की बैठक	4 से 5 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	4
	5.	अध्ययन के आँकड़ों तथा प्रारंभिक उपलब्धियों के विश्लेषण के लिए बैठक	31 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
3.		**महिला शिक्षा तथा विकास के वर्गीकरण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम**	15 जुलाई से 5 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20
4.		**अध्यापक शिक्षा में योगदान के विकास पर कार्यशाला**	27 से 29 फरवरी, 1992	इन्दौर	40

1991-92

पाँच माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का संवर्धन

5.1 विज्ञान और गणित शिक्षा

5.1.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति (रा.शि.नी.) - 1986 में विज्ञान शिक्षा कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। ताकि बच्चों में निहित क्षमताओं एवं मूल्यों का सुदृढ़ विकास हो सके तथा समस्याओं को सुलझाने का निर्णय करने की क्षमता उत्पन्न हो सके और वे स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और दैनिक जीवन के अन्य पहलुओं के साथ विज्ञान के संबंध को समझ सकें। बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनमें वैज्ञानिक प्रवृत्ति का विकास करना रा. शि. नी. की कोर पाठ्यचर्या का एक विषय है।

रा.शै.अ.प्र.प. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा रा.शि.नी. के संदर्भ में कार्यान्वियन की कार्य योजना (पी.ओ.ए.) को ध्यान में रखकर विज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा वैज्ञानिक प्रवृत्ति के विकास हेतु सतत् प्रयास कर रहा है। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें अनुदेशी एवं गणित से संबंधित सामग्री का विकास, अध्यापकों के प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए संबंधित विद्वानों/प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास/प्रशिक्षण तथा विस्तार सेवाएँ एवं विद्यालय-स्तर पर विज्ञान व गणित शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न अनुसंधान कार्यकलाप शामिल हैं। रा.शै.अ.प्र.प. राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों में "कम्प्यूटर-साक्षरता और अध्ययन क्लास" तथा मा.सं. वि.मं. द्वारा प्रयोजित "विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के विकास की योजना" के कार्यान्वियन हेतु नीडल अभिकरण के रूप में कार्य कर रहा है।

कक्षा 6 से 12 तक के लिए अनुदेशी सामग्री विशेष रूप से विज्ञान एवं गणित में पाठ्य-पुस्ताकों के विकास के बाद 1991-92 में विद्यालयों में उच्च प्राथमिक स्तर (6-12), माध्यमिक (9-10) तथा वरिष्ठ माध्यमिक (11-12) स्तरों पर विज्ञान शिक्षण के सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रयास किए गए। विज्ञान उपकरणों के कुछ प्रोटोटाइप तथा कम कीमत के साधनों की रूपरेखा के विकास से संबंधित कार्य भी किया गया।

5.1.2 अनुसंधान और विकास

1991-92 के दौरान पिछले वर्षों में कक्षा 6 से 12 के लिए विज्ञान के विषय विश्लेषण पर गहन अध्ययन किया गया। अध्यापकों, कुछ विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का भी संकलन तथा विश्लेषण किया जा रहा है। वर्ष के दौरान दूसरा अध्ययन पाठ्यचर्या पैकेज के एक हिस्से के रूप में विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर प्रभावशाली पाठ्यचर्या संपादन के लिए शिक्षक संदर्शिका तैयार करने, परीक्षण मदें तैयार करने, प्रयोगशाला मैनुअल तथा दृश्य-श्रव्य साधन तैयार

करने से संबंधित था जैसे कम लागत के साधन, नमूने तथा चार्ट इत्यादि।

1991-92 के दौरान विज्ञान और गणित शिक्षा के क्षेत्र में जो अन्य महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास कार्यकलाप कार्यान्वित किए गए, वे इस प्रकार हैं : लक्ष्य-आधारित परीक्षण मदों, प्रश्न बैंक, डाटा डिस्क, +2 स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रयोग हेतु भौतिकी तथा रसायन में मार्गदर्शी सामग्री, उच्चतर माध्यमिक स्तरों हेतु बहु-उद्देशीय विज्ञान प्रयोगशाला नमूनों, विज्ञान शिक्षण के लिए माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों को दी जाने वाली न्यूनतम प्रारंभिक सुविधाओं के लिए मानक, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में निदर्शन अनुभवों तथा नमूने, भौतिक विज्ञान तथा जीवन विज्ञान संबंधी विज्ञान में विधि प्रयोगशाला के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त, +2 स्तर के लिए रसायन विज्ञान में परीक्षण मदों, गणित में "अभिकलन" पर पूरक सामग्री, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में शिक्षण-अधिगम के लिए एकीकृत साफ्टवेयर पैकेजों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुसार तैयार की गई नई पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी कार्य सम्पादन के लिए विज्ञान में पूरक पठन सामग्री का विकास, विज्ञान और गणित सीखने की रुचि पैदा करने एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए लोकप्रिय विज्ञान सामग्री तथा विज्ञान में "रीडिंग टू लर्न" पुस्तकों का विकास एवं शिक्षण क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के अध्यापकों के लिए गणित में प्रशिक्षण सामग्री का विकास।

1991-92 के दौरान विज्ञान और गणित में विभिन्न सामग्री के विकास हेतु अनेक कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ बैठकें तथा सम्मेलन आयोजित किए गए। इन कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों आदि में रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न संघटकों से संबंधित संकाय सदस्यों के अतिरिक्त उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों के कक्षा अध्यापकों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के अध्यापकों, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थानों के अध्यापक प्रशिक्षकों, पाठ्यचर्या-विशेषज्ञों, संबंधित विद्वानों तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के मुख्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कुछ कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों, कृषि वैज्ञानिकों, पत्रकारों, लोकप्रिय विज्ञान के लेखकों, निजी कार्य करने वाले डॉक्टरों तथा राज्य अधिकारियों सहित बहुत से अन्य व्यवसायों में लगे अधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। विज्ञान और गणित में सामग्री विकास के संबंध में आयोजित कार्यशालाओं/संगोष्ठियों बैठकों आदि का विवरण तालिका 5.1 में दिया गया है।

5.1.3 विज्ञान और गणित अध्यापकों का प्रशिक्षण

रा.शै.अ.प्र.प. विद्यालय स्तर पर विज्ञान और गणित के अध्यापकों के लिए राज्य तथा केन्द्रीय दोनों स्तरों के अनेक अभिकरणों जैसे राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नवोदय विद्यालय समिति, रेलवे विद्यालयों, परमाणु शक्ति केन्द्रीय विद्यालय अभिकरण, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों से संबंधित विद्यालयों तथा कुछ प्रमुख सार्वजनिक एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग देती है। अन्य बातों के साथ-साथ यह कार्यक्रम विशेष शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के उन अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए हैं जो विकलांग बच्चों के शिक्षण में माइक्रो कम्प्यूटरों का प्रयोग करते हैं। उच्चतर माध्यमिक स्तर के गणित के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंधित विद्वानों के अभिविन्यास के लिए भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण तालिका 5.1 में दिया गया है।

5.1.4 विस्तार

बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी नवंबर, 1991 में कोच्चि में आयोजित की गई। इससे पहले भी कुछ राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों में राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति ने अपने क्षेत्रों में राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियाँ आयोजित कीं।

देश के सोलह केन्द्रों में जहाँ विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर कई विशिष्ट कार्य किए जा रहे हैं, "बच्चों की वैज्ञानिकों से भेंट" नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग एक हजार सात सौ

बच्चे विभिन्न विज्ञान प्रयोगशालाओं में गए तथा वैज्ञानिकों से बातचीत की।

वर्ष 1991-92 के दौरान विज्ञान में अधिसंख्य विद्यालयेत्तर कार्यकलापों का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान समय-समय पर विद्यालयों से बच्चों को विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प. के विज्ञान केन्द्र पर आने के लिए आमंत्रित किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने पर समारोह के दौरान विज्ञान के संबंध में विशेष 'खुला सदन' कार्यकलाप आयोजित किया। इस 'खुला सदन' कार्यकलाप में बच्चों को पाठ्यचर्या तथा पाठ्यपुस्तक विकास की अनेक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया तथा उन्हें स्वयं अपने हाथों से कार्यानुभव का भी मौका दिया गया।

रा.शै.अ.प्र.प. ने केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा में सुधार के मूल्यांकन से संबंधित कार्य किए। इस योजना के मूल्यांकन के लिए पहले कदम के रूप में ब्यौरेवार उपकरण तैयार किए गए। संकाय सदस्यों ने विज्ञान तथा गणित से संबंधित शोध-निबन्धों, शोध-प्रबंधों, लेखों तथा पुस्तकों आदि से संबंधित कार्य किए।

संकाय सदस्यों ने विभिन्न व्यावसायिक समितियों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/बैठकों में भी भाग लिया तथा विविध क्षेत्रों जैसे विज्ञान और गणित, कम्प्यूटर शिक्षा का भविष्य, महिला शिक्षा से संबंधित विभिन्न आयाम जैसे लिंग अनुपात में कमी तथा विद्यालयी पाठ्यचर्या से लिंग-भेद को हटाना, पर्यावरण, परिस्थिति-विज्ञान एवं विकलांगों की शिक्षा से संबंधित पत्र प्रस्तुत किए।

5.1.5 परामर्श तथा प्रचार-प्रसार

विज्ञान और गणित विभाग के संकायों ने अनेक क्षेत्रों जैसे पाठ्यचर्या विकास तथा विज्ञान में पाठ्यचर्या का निर्माण तथा मूल्यांकन सामग्री जिसमें पाठ्यपुस्तकों, अध्यापक प्रशिक्षण सामग्री का मूल्यांकन, निर्माण प्रयोगशाला की रूपरेखा उनकी व्यवस्था तथा अनुरक्षण उपकरणों की सूची, ग्लासवेयर, शिक्षा के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर विज्ञान शिक्षण के लिए रासायनिक तथा विविध मदें तथा विज्ञान कक्षों की व्यवस्था, अन्वेषणात्मक परियोजनाओं का संचालन, रिपोर्ट लिखना तथा कम लागत के नवाचारी विज्ञान उपकरणों का विकास, नए प्रयोगों का परीक्षण, विज्ञान-नमूनों का मूल्यांकन, नमूना प्रश्न-पत्रों का विकास, यूनिट परीक्षणों तथा परीक्षा मदों, मानव परिस्थिति-विज्ञान के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना, पर्यावरण, पर्यावरण-विकास तथा प्रबन्ध, पर्यावरण-शिक्षा के लिए प्रशिक्षण सामग्री का निर्माण, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तथा दूरस्थ शिक्षा सामग्री का निर्माण, प्रकाशन हेतु उपयुक्तता की जाँच करने के लिए पाण्डुलिपियों की समीक्षा, बालिकाओं की शिक्षा तथा विकास एवं अधिसंख्या अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय अभिकरणों को पर्यावरण शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। इसके साथ-साथ यूनेस्को, एपीड, सार्क, राष्ट्रमंडल मानव परिस्थिति-विज्ञान परिषद्, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, रेलवे विद्यालयों, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, विभिन्न राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय खुला विद्यालय, दिल्ली दूरदर्शन के विद्यालय टेलीविजन, गैर-सरकारी संगठनों जैसे-हमदर्द शिक्षा समिति, आई.ए.पी.टी.ए. तथा दिल्ली विज्ञान अध्यापक मंच एवं स्वैच्छिक अभिकरण, कुछ विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के भौतिक-विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान तथा गणित के विभाग, संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग भी हैं। अनेक क्षेत्रों में बहुत सी अन्य संस्थाओं को भी परामर्श दिया गया। विज्ञान और गणित शिक्षा के लिए तैयार सामग्री का विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कई तरह से प्रचार-प्रसार किया गया।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रचार-प्रसार के लिए तैयार की गई सामग्री का वितरण प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों तथा अध्यापकों, जिन संस्थाओं के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया तथा उन आगन्तुकों के बीच किया गया जिन्होंने इन प्रकाशनों के अवलोकन में रुचि दिखाई। कुछ सामग्री का वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/बैठकों/सम्मेलनों आदि में भी किया गया।

5.1.6 राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी

1991-92 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. ने 24 राज्यों तथा 6 संघशासित

क्षेत्रों में राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने के लिए शैक्षिक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान की। राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का मूल विषय '2001 ए.डी. में विज्ञान' था। अपने-अपने विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति को भी शैक्षिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

5.1.7 बच्चों की वैज्ञानिकों से भेंट

1989-90 में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु सलाहकार समिति की सिफारिशों पर 'बच्चों की वैज्ञानिकों से भेंट' कार्यक्रम शुरू किया गया। कुछ प्रमुख अनुसंधान संस्थाओं में आयोजित इस एक-दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य था, बच्चों को वैज्ञानिकों के आमने-सामने लाना तथा भारत में हो रहे अनुसंधानों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त कराना, ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करना कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा एवं रुचि पैदा हो सके ताकि वे विज्ञान में उच्च अध्ययन की आवश्यकता महसूस कर सकें एवं यदि उनके मन में कोई परियोजना या विचार है तो उसके बारे में वैज्ञानिकों से विचार-विमर्श कर सकें।

1991-92 के दौरान, 'बच्चों की वैज्ञानिकों से भेंट' नामक कार्यक्रम का आयोजन देश के 16 केन्द्रों पर किया गया। जिन प्रमुख संस्थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, वे हैं—केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर; प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, सेठ जी.एस. मेडिकल कालेज, पारले, बम्बई, केन्द्रीय भवन अनुसंधान, रुड़की; केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, पिलानी; राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा; केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक; जीव विज्ञान एवं जलचर मछली विभाग, त्रिवेन्द्रम; केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला तथा केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान मद्रास। माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान का अध्ययन कर रहे लगभग 1700 विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों से लाभ उठाया।

5.1.8 बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी

बच्चों के लिए कोच्चि में दिनांक 7 से 14 नवंबर, 1991 तक 20वीं जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी की कुछ विशिष्टताएँ,जिनके विषय 'विज्ञान और गाँव' पर केन्द्रित थे निम्न प्रकार हैं :

1.	राज्य/संघशासित क्षेत्र	31
2.	शहरी विद्यालयों की संख्या	77
3.	ग्रामीण विद्यालयों की संख्या	73
4.	लड़कों/पुरुष अध्यापकों की संख्या	228
5.	लड़कियों/महिला अध्यापकों की संख्या	84
6.	प्रतिभागियों की संख्या	312
7.	प्रदर्शित वस्तुओं की संख्या	165

बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में लड़कियों/महिला अध्यापिकाओं तथा ग्रामीण विद्यालयों की प्रतिभागिता धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है।

प्रदर्शनी में लगभग 1.75 लाख विद्यालयों के बच्चे तथा सभी क्षेत्रों के लोग आए।

5.1.9 1991-92 के दौरान विज्ञान और गणित में विकसित/प्रकाशित/अनुलेखित सामग्री

क्रम सं.	*शीर्षक*	*लक्ष्य समूह*
1.	टैस्ट आइटम्स इन कैमिस्ट्री	वरिष्ठ माध्यमिक अध्यापक (कक्षा 11)
2.	टैस्ट आइटम्स इन कैमिस्ट्री (अनुलेखित)	वरिष्ठ माध्यमिक अध्यापक (कक्षा 12)
3.	ट्रेनिंग मैटीरियल्स ऑन दि पीरिओडिक टेबल ग्रुप 12 एंड 13 (अनुलेखित)	वरिष्ठ माध्यमिक अध्यापक
4.	ट्रेनिंग मैनुअल फॉर **'क्लास'**	विद्यालय अध्यापक
5.	स्ट्रक्चरल एंड वर्किंग ऑफ साइंस माडल्स	विज्ञान प्रदर्शनियों में बच्चों की प्रतिभागिता तथा विज्ञान प्रदर्शनियों हेतु आगन्तुक

6.	फोल्डर ऑन दि हाइलाइट्स ऑफ नेशनल साइंस एक्जीबिशन फॉर चिल्ड्रेन, 1991	बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु आगन्तुक
7.	लिस्ट ऑफ एक्जीबिट्स ऑफ नेशनल साइंस एक्जीबिशन फॉर चिल्ड्रेन, 1991	बच्चों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु आगन्तुक
8.	स्टेट्स ऑफ साइंस एजुकेशन इन इंडिया (सैकेन्ड्री स्टेज अनुलेखित रिपोर्ट)	सामान्य
9.	चार्ट कन्टेनिंग सिक्स मल्टीपरपज साइंस लेबोरेटरी डिजाइन फॉर अपर प्राइमरी एंड सैकेन्ड्री स्टेजेस	प्रयोगशाला अभिकल्पक
10.	चार्ट कन्टेनिंग सिक्स मल्टीपरपज केमिस्ट्री लेबोरेटरी डिजाइन फॉर सीनियर सैकेन्ड्री स्टेज	प्रयोगशाला अभिकल्पक
11.	ट्रेनिंग मैटीरियल्स ऑन कैमीकल इक्विलिब्रियम कैमीकल काइनेटिक्स नॉन-मेटल्स ऐंड इनवेस्टीगेटरी प्रोजेक्ट्स इन केमिस्ट्री (अनुलेखित)	वरिष्ठ माध्यमिक अध्यापक
12.	कक्षा 8 के लिए प्रोबलम बुक इन मैथमैटिक्स	कक्षा 8 के विद्यार्थी
13.	स्क्रिप्ट्स फॉर वीडियों फिल्म्स ऑन शेयर एंड डिबैन्चर, एंगिल ऐंड इट्स प्रोपर्टीज, मैजरमैन्ट	उच्चतर प्राथमिक
14.	कम्प्यूटर प्रोग्राम टाइटिल्ड 'लैक्टोस आपरॉन'	वरिष्ठ माध्यमिक
15.	कम्प्यूटर प्रोग्राम टाइटिल्ड 'न्यूट्रीशन'	वरिष्ठ माध्यमिक
16.	कम्प्यूटर प्रोग्राम टाइटिल्ड 'मिकी'	प्राथमिक

1991-92 के दौरान, डी.ई.एस.एम. द्वारा आयोजित कार्यशालाओं, बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों आदि का विवरण तालिका 5.1 में दिया गया है।।

तालिका 5.1

1991-92 के दौरान डी.ई.एस.एम. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/संगोष्ठियाँ/ सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
अनुसंधान और विकास				
1.	कम्प्यूटर में रा.शै.अ.प्र.प. संकायों को प्रशिक्षण	18 अप्रैल से 8 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	10
2.	कक्षा 11, चरण-2 के लिए भौतिकी में अनुदेशी सामग्री का विकास : रिव्यू ऐंड एनफोर्समैन्ट	24 से 29 अप्रैल, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	6
3.	कक्षा 6 से 12 तक के लिए गणित में पाठ्यचर्या सामग्री का गहन अध्ययन	8 से 10 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	10

1991-92

1	2	3	4	5
4.	बी.बी.सी./एस.सी. एल. माइक्रो पर आलेख तैयार करने पर प्रशिक्षण (क्लास परियोजना)	3 से 12 जून, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	12
5.	भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान तथा गणित के उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण	3 से 13 जून, 1991	थियोग (जिला शिमला) हिमालच प्रदेश	4
6.	+2 स्तर पर गणित के प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण सामग्री का विकास और इन क्षेत्रों में संबंधित विद्वानों का अभिविन्यास	17 से 21 जून, 1991	उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय दार्जलिंग (पश्चिमी बंगाल)	26
7.	भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों का प्रशिक्षण	17 से 26 जून, 1991	रंगारेड्डी, हैदराबाद	2
8.	अन्तर्राष्ट्रीय गणितीय ओलिम्पियाड् (आई.एम.ओ.) में भारतीय टीम की प्रतिभागिता	10 से 14 जुलाई, 1991 तथा 24 से 25 जुलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	7
9.	माध्यमिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन कक्षा-7	5 से 8 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	13
10.	आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गणित शिक्षा के विकास की कार्य योजना को अन्तिम रूप देने हेतु कार्यनीति	9 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	12
11.	प्रश्न बैंक डाटा डिस्क का विकास (कक्षा-10 विज्ञान)	19 से 23 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	16
12.	उच्चतर माध्यमिक स्तर हेतु मूल्यांकन सामग्री (परीक्षण मद) का विकास (कक्षा-12)	19 से 23 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	17
13.	कक्षा-11 के लिए गणित में प्रश्न पुस्तिका को अन्तिम रूप देना	5 से 9 सितंबर, 1991	एटोमिक एनर्जी जूनियर कॉलेज, बम्बई	21
14.	गणित में माध्यमिक स्तर पर संबंधित विद्वानों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन	9 से 13 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	15
15.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित के नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंधित विद्वानों के प्रशिक्षण हेतु संवर्धन	23 से 27 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	23
16.	भौतिकी की कक्षा में सॉफ्टवेयर की बी.बी.सी. माइक्रों पर स्थानान्तरणीयता	9 से 11 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	5
17.	कम्प्यूटर में रा.शै.अ.प्र.प. संकायों को प्रशिक्षण	16 से 30 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	6

1991-92

1	2	3	4	5
18.	माध्यमिक विद्यालयों के लिए विज्ञान में प्रशिक्षण सामग्री का विकास	9 से 13 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	22
19.	विद्यालय-पाठ्यचर्या में पर्यावरण-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्यनीतियों का पता लगाने हेतु कार्यशाला	24 से 25 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	14
20.	माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में निदर्शनात्मक अनुभवों का विकास	10 से 14 अक्टूबर, 1991	इलाहाबाद	19
21.	विज्ञान शिक्षण के लिए उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों को दी जाने वाली न्यूनतम सुविधाओं के लिए मानकों की तैयारी	30 सितंबर से 4 अक्टूबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	20
22.	गणित शिक्षा पर विशेषज्ञ समिति की बैठक	27 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	2
23.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में प्रमुख/संबंधित विद्वानों का प्रशिक्षण	23 से 30 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	13
24.	माध्यमिक स्तर पर गणित में अध्यापक प्रशिक्षण सामग्री का विकास (संदर्शिका)	21 से 28 अक्टूबर, 1991	कोरू कांडा आन्ध्र प्रदेश	19
25.	+2 स्तर पर भौतिकी में नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण हेतु अभिविन्यास-एवं-संवर्धन पाठ्यक्रम	21 से 30 अक्टूबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	25
26.	उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित में संबंधित विद्वानों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम (दूसरा चरण)	11 से 15 नवंबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	20
27.	कक्षा-11 के लिए रसायन विज्ञान में प्रश्न बैंक डाटा डिस्क का विकास	11 से 15 नवंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	9
28.	विद्यालय स्तर पर विज्ञान तथा गणित में विषय और प्रक्रिया के पुनः अभिविन्यास के लिए कार्यशाला	20 से 22 नवबंर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	45
29.	+2 स्तर पर भौतिकी में नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण हेतु अभिविन्यास एवं-संवर्धन पाठ्यक्रम	21 से 30 अक्टूबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	25
30.	भौतिकी की कक्षा में बी.बी.सी. माइक्रों पर सॉफ्टवेयर की स्थानान्तरणीयता	10 से 12 दिसम्बर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6
31.	+2 स्तर के गणित के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण सामग्री का विकास तथा इन क्षेत्रों में संबंधित विद्वानों का अभिविन्यास	3 से 8 जनवरी, 1992	ए.सी. ट्रेनिंग कॉलेज जलपेगुरी (पश्चिम बंगाल)	24

1991-92

1	2	3	4	5
32.	उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए भौतिकी की पाठ्यपुस्तकों का गहन अध्ययन	26 से 30 दिसंबर, 1991	दार्जिलिंग	15
33.	माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में प्रमुख संबंधित विद्वानों का प्रशिक्षण	6 से 10 जनवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	14
34.	रसायन विज्ञान तथा जीव-विज्ञान, जीव-रसायन के अंतरापृष्ठ पर मॉड्यूलों का विकास	13 से 17 जनवरी, 1992	दिल्ली विश्वविद्यालय	10
35.	उच्च प्राथमिक चरण-1 पर संबंधित विद्वानों के प्रशिक्षण के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम	6 से 10 जनवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	15
36.	वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में संबंधित विद्वानों के लिए प्रशिक्षण सामग्री (मुद्रित तथा गैर मुद्रित) का विकास	6 से 10 जनवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	21
37.	शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों/क्षेत्रों के माध्यमिक अध्यापकों हेतु गणित में ग्रीष्मकालीन संस्थान	3 से 17 जनवरी, 1992	कोटद्वार (उत्तर प्रदेश)	20
38.	उच्च प्राथमिकस्तर के लिए गणित किट का विकास तथा मैनुअलों सहित प्रोटोटाइप का विकास	20 से 24 जनवरी, 1992	बैंगलूर	19
39.	शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों/क्षेत्रों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों हेतु गणित में ग्रीष्मकालीन संस्थान	22 से 27 जनवरी, 1992	नार्थ बंगाल यूनिवर्सिटी	24
40.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान के प्रभावी शिक्षण हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्तों का विकास	27 से 31 जनवरी, 1992	आगरा	25
41.	कक्षा 6 से 12 तक की गणित पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तकों का गहन अध्ययन	27 से 30 जनवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	17
42.	विशेष शिक्षा में कम्प्यूटर के प्रयोग हेतु संबंधित विद्वानों का प्रशिक्षण	3 से 10 फरवरी, 1992	ग्वालियर	11
43.	'क्लास' परियोजना अध्यापकों के लिए बी.बी.सी. माइक्रो पर कम्प्यूटर शिक्षा में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण	10 से 26 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	20
44.	भारतीय जनसांख्यिकी में क्लोज डाटा बेस तैयार करना	27 से 28 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	6
45.	माध्यमिक स्तर पर गणित में संबंधित विद्वानों का प्रशिक्षण	17 से 21 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	17
46.	केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय संगठन के विज्ञान से संबंधित विद्वानों का अभिविन्यास	24 से 28 फरवरी, 1992	सैन्ट्रल तिब्बतियन स्कूल, मंसूरी	20
47.	रसायन विज्ञान एवं उद्योगों का अंतरापृष्ठ-रासायनिक उद्योगों से संबंधित रसायन विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर मॉड्यूलों का विकास	24 से 28 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	17

1991-92

1	2	3	4	5
48.	विद्यालय से बाहर के कार्यकलाप विज्ञान क्लब तथा विज्ञान क्लब कार्यकलापों के संगठन के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्तों का विकास	2 से 6 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	15
49.	मूल भाषा में प्रशिक्षण	2 से 20 मार्च, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. गुडगांव (हरियाणा)	12
50.	विद्यालय विज्ञान में प्रकाशनों के लिए चुनिंदा क्षेत्रों में सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	9 से 13 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	8
51.	उच्चतर माध्यमिक स्तर के रसायन विज्ञान के लिए कार्यविधि उपागम आधारित शिक्षण-अधिगम सामग्री का विकास	2 से 6 मार्च, 1992	इलाहाबाद	15
52.	विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने पर मा.सं.वि. मं. द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के मूल्यांकन हेतु योजना बैठक	4 से 6 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	10
53.	कक्षा-11 के रसायन विज्ञान में प्रश्न बैंक, डाटा डिस्क का विकास	9 से 13 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	8
54.	बी.बी.सी./एस.सी.एल. माइक्रो पर ध्वनि उत्पन्न करने की सुविधाओं पर मॉड्यूल का विकास	12 से 13 मार्च, 1992	डी.आई.ई.टी., दिल्ली	3
55.	+2 स्तर के लिए रसायन विज्ञान की पाठ्यचर्या तथा पाठ्यचर्या सामग्री का गहन अध्ययन	23 से 27 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	20
56.	माध्यमिक स्तर के लिए विज्ञान में प्रश्न बैंक, डाटा डिस्क का विकास	23 से 27 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	15
57.	विज्ञान की उच्च प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों का गहन अध्ययन	23 से 27 मार्च, 1992	आर.सी.ई., भोपाल	13
58.	माध्यमिक स्तर के लिए विज्ञान में पाठ्यचर्या सामग्री का गहन अध्ययन	24 से 27 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
59.	गणित शिक्षा से संबंधित राज्य स्तर के कार्यकर्ताओं का वार्षिक सम्मेलन	30 मार्च से 1 अप्रैल, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	22
60.	उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए भौतिकी में पुस्तिका का विकास	26 मार्च से 1 अप्रैल, 1992	केन्द्रीय विद्यालय संख्या-1	23
61.	आंध्र-प्रदेश के विज्ञान क्लब के लिए अभिविन्यास एवं मूल्यांकन कार्यशाला	31 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. आन्ध्र प्रदेश	29
62.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में निदर्शन प्रयोगों का विकास	31 मार्च से 1 अप्रैल, 1992	आर.सी.ई., भुवनेश्वर	12
63.	माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में प्रमुख संबंधित विद्वानों का प्रशिक्षण	30 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	13

5.2 सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा

5.2.1 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का एक महत्वपूर्ण कार्य विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सामाजिक विज्ञान और मानविकी में शिक्षण सामग्री विकसित करना है। विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषय-वस्तु और प्रक्रिया के नवीनीकरण के प्रयासों के एक अंश के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान का सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.) पाठ्यचर्या तथा शिक्षण सामग्री के विकास, अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण/मार्गदर्शन, राज्य शिक्षा प्राधिकरणों को पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास और मूल्यांकन में राज्य के शैक्षणिक प्राधिकरणों को शैक्षिक सहायता प्रदान करने, भाषा तथा सामाजिक विज्ञान में सर्वेक्षण अध्ययन करने के विकास में लगा हुआ है। डी.ई.एस.एस.एच. राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय तकनीकी समन्वयन तथा अनुवीक्षण अभिकरण के रूप में भी कार्य करता है।

5.2.2 पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री का विकास

5.2.2.1 भाषाएँ

1991-92 के दौरान जिस प्रमुख क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ किया गया वह था–"हिन्दी तथा उर्दू एल-2 तथा एल-3 तथा अंगेजी एल-3 में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री तैयार करना"। 1991-92 के दौरान हिन्दी में (एल-2 तथा एल-3) सभी संबंधित कक्षाओं के लिए तथा उर्दू में कक्षा 9 तक पाठ्यपुस्तकों पर कार्य पूरा किया गया।

1991-92 के दौरान हिन्दी एल-1 मातृभाषा जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के अतिरिक्त अन्य अनुदेशी सामग्री व शिक्षक संदर्शिका भी तैयार की गई। इसमें माध्यमिक स्तर पर हिन्दी व्याकरण तथा रचना की पुस्तक का प्रकाशन, प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों के लिए पूरक तथा अतिरिक्त पुस्तकें तैयार करना तथा उच्च प्राथमिक स्तर के लिए अध्यापक संदर्शिका तैयार करना शामिल है।

अंग्रेजी एल-1 के शिक्षण हेतु कक्षा-3 की पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि को अन्तिम रूप दिया गया। 1991-92 के दौरान नवोदय विद्यालयों के कक्षा 8 की हिन्दी पाठ्यपुस्तक प्रकाशित की गई तथा पूरक पुस्तकें तैयार करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। कक्षा-4 के लिए 'न्यू डॉन' सीरीज के अंतर्गत अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक को अन्तिम रूप दिया गया। (अरुणाचल प्रदेश हेतु)

हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी तथा संस्कृत सभी भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों के संशोधन का कार्य प्रारम्भ किया गया।

5.2.2.2 सामाजिक अध्ययन

देश और पूरे विश्व में पिछले दो वर्षों में हुए परिवर्तनों के परिणामस्वरुप इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र एवं राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र तथा सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में अपेक्षित संशोधन अनिवार्य हो गया था। चूँकि वर्ष 1992-93 में व्यापक संशोधन किए जाएँगे। अतः जिन अनुदेशी सामग्री में तत्काल संशोधन अनिवार्य है, उनके मूल्यांकन का कार्य किया गया। साथ ही जो विद्यालय एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकें प्रयोग करते हैं, उन्हें शीघ्र ही कक्षा 12 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक का पूरक उपलब्ध कराया जाएगा। इस पूरक में शिक्षकों को कुछ नए विशिष्ट विकासों, परिवर्तनों की जानकारी दी गई है, जिसका ध्यान उन्हें रखना है।

माध्यमिक विद्यालयों के लिए अर्थशास्त्र (हिन्दी और अंग्रेजी) में नई पाठ्यपुस्तक प्रकाशित की गई। 1990-91 में आरंभ अध्यापक संदर्शिकाओं, शिक्षण एककों तथा सामाजिक विषय की पुस्तिकाओं की तैयारी का कार्य जारी रखा गया। माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के इतिहास अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका की तैयारी पर भी कार्य प्रारम्भ किया गया।

डी.ई.एस.एस.एच. सामाजिक विज्ञान में शब्दों और संकल्पनाओं की एक शब्दावली तैयार कर रहा है। यह शब्दावली माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर सामाजिक विज्ञान के अध्ययन हेतु लाभकारी होगी।

दूसरे क्षेत्र जिसमें विभाग ने कार्य आरंभ किया वह "पाठ" तैयार करने से संबंधित था, जो शिक्षकों को उनके संबंधित विषयों तथा शिक्षाशास्त्र में हुए हाल के विकास से परिचित कराएगा।

1991-92

5.2.2.3 कला शिक्षा

डी.ई.एस.एस.एच. ने कला शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुलेख के प्रारूप तैयार किए। उच्चतर माध्यमिक स्तर हेतु विभिन्न क्षेत्रों के लिए कक्षा शिक्षा के पाठ्यक्रम को अन्तिम रूप दिया गया।

5.2.2.4 शारीरिक शिक्षा

उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए शारीरिक शिक्षा में पाठ्यक्रम का प्रारूप बनाया गया तथा शारीरिक शिक्षा के अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका को अन्तिम रूप दिया जा रहा है, योग से संबंधित अनेक संगठनों के परामर्श से पाठ्यक्रम को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

5.2.2.5 वाणिज्य

वाणिज्य में दो पाठ्यपुस्तकें—एक लेखा-परीक्षा पर तथा दूसरी फैक्टरी संगठनों पर पूरी होने वाली है।

5.2.2.6 सामान्य अध्ययन

विभाग ने सामान्य अध्ययन में नमूना अनुदेशी सामग्री तैयार करने पर कार्य जारी रखा।

5.2.3 मूल्यांकन

5.2.3.1 रा.शै.अ.प्र.प. की पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन और संशोधन

1991-92 के दौरान डी.ई.एस.एस.एच. ने 1986 से विभिन्न विषयों में बनाई गई पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन और संशोधन से संबंधित कार्य प्रारम्भ किया। कार्य अगले 3 वर्षों तक जारी रहने की संभावना है।

5.2.3.2 राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

रा.शै.अ.प्र.प. पिछले कई वर्षो से राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन हेतु कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इस समय इस कार्यक्रम का केन्द्र बिन्दु राज्य पाठ्यपुस्तक अभिकरणों तथा निजी प्रकाशकों द्वारा 1986 के बाद प्रकाशित पाठ्यपुस्तकें हैं।

1991-92 के दौरान उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर और त्रिपुरा की पाठ्यपुस्तकों का नमूना मूल्यांकन आरंभ किया गया। मूल्यांकन के इस प्रयास में राष्ट्रीय एकता के अतिरिक्त कई अन्य उद्देश्य भी शामिल हैं।

5.2.4 पूरक पुस्तकें

अन्य पूरक पुस्तकों के निर्माण के अतिरिक्त विभाग ने युवा पाठकों के लिए 'पढ़ें और सीखें' तथा 'लोटस' नामक सीरीज पूरक पुस्तकों के निर्माण पर दो कार्यक्रम आरंभ किए। इन कार्यक्रमों का पुनरीक्षण किया गया। नई सलाहकार समिति ने 'लोटस' सीरीज को बन्द करने तथा 'पढ़ें और सीखें' सीरीज की रूपरेखा पुनः तैयार करने हेतु निर्णय लिया। इसी बीच युवा पाठकों के लिए ***'दि कान्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया'*** नामक पूरक पुस्तक तैयार की गई।

5.2.5 प्रशिक्षण कार्यक्रम

डी.ई.एस.एस.एच. ने अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान राज्यों के अनुरोध पर भाषाओं में संबंधित प्रमुख व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने की सहमति दी। ये राज्य अपने अनुवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रमों में इन प्रशिक्षित प्रमुख व्यक्तियों का लाभ उठा सकते हैं।

विभाग ने कला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कला अध्यापकों हेतु शिविर का आयोजन किया, जो विद्यालय पाठ्यचर्या का अपेक्षाकृत नया अनिवार्य क्षेत्र है। डी.ई.एस.एस.एच. ने भाषा तथा सामाजिक विज्ञान के अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनेक राज्यों तथा संगठनों को अपनी सहायता तथा सहयोग दिया।

डी.ई एस.एस. एच. ने विभिन्न विषयों में अध्यापक प्रशिक्षण सामग्री की तैयारी हेतु योजना बनाई। वर्ष 1991-92 के दौरान, उच्च प्राथमिक स्तर के लिए हिन्दी (मातृ-भाषा) में अध्यापक प्रशिक्षण सामग्री के विकास पर कार्य प्रारम्भ किया गया।

5.2.6 सेमीनार रीडिंग तथा निबन्ध प्रतियोगिता

1991-92 में एक संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम को 1992-93 से बन्द करना प्रस्तावित है और नवाचारों की प्रोन्नति एवं प्रचार के लिए वैकल्पिक, कार्यनीति बनाने पर विचार किया जाएगा।

विभाग ने डा.बी.आर. अम्बेडकर की जन्म शताब्दी के संबंध में विद्यालय विद्यार्थियों के लिए एक निबन्ध, प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के जवाब में 15,000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए तथा पुरस्कार दिए गए।

5.2.7 यूनेस्को कार्यक्रम

"अन्तर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग, शान्ति तथा मानव अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता से संबंधित शिक्षा की 1974 की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए गहन अध्ययन की तैयारी" शीर्षक यूनेस्को सहायता प्राप्त कार्यक्रम पूरा किया गया तथा अध्ययन की रिपोर्ट यूनेस्को को भेजी गई। डी.ई.एस.एस.एच. ने ए. एस.पी. विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहायता से यूनेस्को की "कम विजिट माई कन्ट्री" सीरीज के अन्तर्गत भारत में पाण्डुलिपि की तैयारी पर भी कार्य किया। भारत पर पाण्डुलिपि सुझावों तथा मत प्रकट करने के लिए स्वीडन भेजी गई। उस देश ने बदले में एन.सी.ई.आर.टी. के मत/सुझावों के लिए स्वीडन पर पाण्डुलिपि भेजी। भारत पर पाण्डुलिपि अन्य देशों के बच्चों को प्रयोगार्थ यूनेस्को द्वारा प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है। यह पुस्तक भारत की प्रामाणिक एवं गैर रूढ़िबद्ध दृष्टिकोण के विकास में सहायता करती है।

5.2.8 मा.सं.वि.मं. कार्यक्रम

डी.ई.एस.एस.एच. ने समकालीन भारत तथा पाठ्यचर्या बोझ पर मा.सं.वि.मं. द्वारा स्थापित दो राष्ट्रीय सलाहकार समितियों को शैक्षिक तथा अन्य सहायता प्रदान की।

वर्ष 1986-87 से देश से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए छात्रों का चयन करना भी रा.शै.अ.प्र.प. का एक महत्वपूर्ण प्रतिभा खोज कार्य रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) का नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ (एन.वी.सी.) वर्तमान में मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण और आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग (डी.एम.ई.एस.डी.पी.),

1991-92

का एक भाग है, जो नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा तथा विद्यार्थियों के चयन संबंधी सभी कार्यकलापों का समन्वयन करता है। वर्ष 1991-92 के दौरान विभाग द्वारा किए गए प्रमुख कार्य इस प्रकार है: विवरणिका व आवेदन-प्रपत्र तैयार करना और वितरित करना, चयन परीक्षा के आयोजन से जुड़े नवोदय विद्यालयों के प्राचार्यों और अन्य अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना, चयन परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्रों को बनवाना मुद्रित करवाना तथा नवोदय विद्यालयों की चयन परीक्षाएँ आयोजित करना।

5.5.3.1 विवरणिका व आवेदन-प्रपत्र तैयार तथा वितरित करना

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1991-92 के लिए विवरणिका व आवेदन-प्रपत्रों को 18 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गारो, गुजराती, हिन्दी, कन्नड, खासी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, मिजो, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू) में तैयार कर मुद्रित करवाया गया। इन्हें रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों, जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों आदि के माध्यम से बड़ी संख्या में वितरित करवाया गया। अभ्यर्थियों द्वारा पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन-पत्र जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में प्राप्त किए गए। नवोदय विद्यालय के प्राचार्यों के कार्यालयों में आवेदन प्रपत्रों की जाँच की गई और उपयुक्त अभ्यर्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जे.एन.वी.एस.टी.) में प्रवेश के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए गए।

5.5.3.2 चयन परीक्षा की तैयारी

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयार करने और उसे अन्तिम रूप देने के लिए कई बैठकें आयोजित की गईं। परीक्षा के छः प्रपत्र 18 क्षेत्रीय भाषाओं (19 अनुवाद) में तैयार करवाकर मुद्रित करवाए गए। परीक्षा में मानसिक योग्यता परीक्षा, भाषा परीक्षा और गणित परीक्षाएँ सम्मिलित हैं। मानसिक योग्यता परीक्षा में 60 प्रश्न और भाषा तथा गणित परीक्षा में प्रत्येक में 20-20 प्रश्न थे, मानसिक योग्यता परीक्षा में केवल गैर-मौखिक परीक्षा मदें थीं। ऐसा परीक्षा प्रक्रिया को यथा संभव संस्कृति-तटस्थ और पर्यावरणीय कारणों से होने वाले भेदभाव को न्यूनतम बनाए रखने के लिए किया गया। परीक्षा की सभी मदें वस्तुनिष्ठ थीं।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1991 के लिए लगभग 3,32,064 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए। परीक्षा में 2,91,277 अभ्यर्थी शामिल हुए। नवोदय विद्यालय योजना के अनुसार कम से कम 75% सीटें प्रत्येक जिले के ग्रामीण अभ्यर्थियों और 25% सीटें शहरी अभ्यर्थियों से भरी जाती है। योजना में 15% सीटें अनुसूचित जाति तथा 7.5% सीटें अनुसूचित जन जाति के लिए भी आरक्षित है। यह आरक्षण खुली प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त है।

छः अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना

6.1 शैक्षिक मनोविज्ञान परामर्श और निर्देशन विभाग (डी.ई.पी.सी.जी.)

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के सिद्धांतों की सहायता से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना एन.सी.ई.आर.टी. का एक मुख्य कार्य है। मार्गदर्शन और परामर्श से संबधित अनुसंधान, विकास एवं प्रशिक्षण कार्यकलाप, सृजनात्मकता, अधिगम, विकास, आचरण में सुधार, कक्षा 11 तथा 12 के लिए मनोविज्ञान की अनुदेशी सामग्री का विकास तथा अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना डी.ई.पी.सी.जी. के प्रमुख कार्यकलापों में सम्मिलित है। विद्यार्थियों के सामर्थ्य तथा क्रियात्मकता के सभी पक्षों का अनुकूलतम विकास तथा उनकी स्वयं सिद्धि ही इस विभाग के कार्य का केन्द्र बिन्दु है।

6.1.2 अनुसंधान और सर्वेक्षण

डी.ई.पी.सी.जी. ने शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन में विभिन्न अनुसंधान/सर्वेक्षण किए। विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

(1) सृजनशील लड़कियों के व्यावसायिक व्यवहार का एक अध्ययन

इस एरिक परियोजना का उद्देश्य भारतीय व्यवस्था में सृजनशील युवतियों के एक विशेष समूह को जीवन-वृत्ति की शिक्षा प्रदान करना है। वर्ष 1991 के दौरान, दूसरे चरण में, आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए साधनों/परीक्षणों को अंतिम रूप दिया गया। चयनित नमूनों की पहचान के लिए अन्वेषण योजना बनाई गई तथा आँकड़ों को कम्प्यूट्रीकृत किया गया।

(2) विद्यालय तथा कक्षा-व्यवस्था में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबंध के अभ्यास पर प्राथमिक अध्यापकों का एक प्रारंभिक सर्वेक्षण

प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा प्रतिदिन कक्षा तथा विद्यालय के परस्पर कार्य प्रबंध हेतु अपनाई गई प्रचलित प्रणाली में वर्तमान स्थिति तथा उसमें परिवर्तन का अध्ययन करने के साथ-साथ कक्षा स्थिति एवं विद्यालय में प्रतिस्पर्धा, सहयोग तथा बच्चों के अन्य सामाजिक भावनात्मक तथा व्यावहारिक समायोजन के प्रबंध का अध्ययन भी इस एरिक परियोजना का उद्देश्य है। इस अध्ययन के निष्कर्षों से अध्यापक प्रशिक्षण के उन क्षेत्रों का पता चल सकेगा जिनमें विद्यालय व्यवस्था

1991-92

में अपेक्षित व्यावहारिक तकनीक का प्रबंध किया जा सकता है। दस सार्वजनिक विद्यालयों से आँकड़े एकत्र किए गए तथा हिन्दी व अंग्रेजी में एक प्रश्नावली तैयार की गई है

(3) शहरी गंदी बस्तियों में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की अधिगम समस्याओं का सर्वेक्षण

इस परियोजना का उद्देश्य बच्चों की अधिगम समस्याओं का पता लगाना तथा समस्याओं से उबरने के लिए मध्यस्थता कार्यक्रमों का विकास कराने हेतु आधार तथा प्रतिपुष्टि उपलब्ध कराना है।

परिचय, संबंधित साहित्य की समीक्षा, परिवर्तनों, साधनों तथा नमूने सहित एक उपागम प्रपत्र तैयार किया गया तथा इस सर्वेक्षण की भावी कार्यवाही पर निर्णय लेने के लिए विशेषज्ञों से चर्चा की गई।

6.1.3 ***विकासात्मक कार्यकलाप***

1991-92 के दौरान शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श तथा मार्गदर्शन विभाग ने निम्नलिखित विकासात्मक कार्य किए:

(1) शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का राष्ट्रीय पुस्तकालय (एन.एल.ई. एण्ड पी.टी.)

यह पुस्तकालय शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के सदंर्भ पुस्तकालय तथा समीक्षक संस्था एवं परीक्षण और समीक्षा से संबंधित सूचना केन्द्र के रूप में सेवाएँ प्रदान करता है। बुद्धि, योग्यता, व्यक्तित्व, रुझान इत्यादि के क्षेत्र में प्रकाशित 1500 परीक्षण इस पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। 1991-92 में परीक्षणों की समीक्षा के लिए कुछ कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। व्यक्तित्व के क्षेत्र में अद्यतन भारतीय परीक्षण पुस्तकालय के लिए खरीदे गए। "बुद्धि और योग्यता पर पहली भारतीय मानसिक मापन पुस्तिका" भी पुस्तकालय में लाई गई।

(2) प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास पर नियमावली तैयार करना

इस नियमावली का उद्देश्य प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों एवं सभी एस.आई.ई,एस.सी.ई.आर.टी. तथा डी.आई.ई.टी. कार्मिकों (अधिकारियों) में अधिगम तथा विकास की विषयवस्तु एवं तकनीक का प्रसार करना है।

(3) कक्षा 11 तथा कक्षा 12 के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपांतरण

कक्षा 11 की "अंडरस्टैंडिंग साइकॉलोजी ऑफ ह्यूमन बिहेवियर" नामक पाठ्यपुस्तक तथा कक्षा 12 की "साइकॉलोजी फॉर बैटर लिविंग" नामक पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपांतर तैयार किया गया।

(4) प्रारंभिक अध्यापक शिक्षकों और शिक्षकों के लिए कक्षा/विद्यालय स्थितियों में व्यवहार में परिवर्तन की एक नियमावली

यह नियमावली प्रकाशित कर ली गई है और देश के सभी एस.आई.ई., एस.सी.ई.आर.टी. एवं डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों को वितरित की जा चुकी है।

(5) प्रारंभिक विद्यार्थियों की व्यावहारिक समस्याओं में परिवर्तन के लिए व्यावहारिक मध्यस्थता कार्यक्रमों का विकास

प्रारंभिक स्तर पर प्रचलित अठारह व्यावहारिक समस्याओं की प्राथमिकता सूची विकसित की गई है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के समस्याग्रस्त व्यवहारों में सुधार के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम के विकास की प्रक्रिया भी जारी है।

(6) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावना के पोषण पर पुस्तिका

इसका उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मक संभावनाओं के पोषण हेतु अध्यापकों को सक्षम बनाने में सहायता देने के लिए प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक प्रशिक्षकों

के लिए स्रोत सामग्री का विकास करने संबधी पुस्तिका तैयार करना है। इस पुस्तिका की पांडुलिपि को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(7) विकासात्मक तथा जीवनवृत्ति मार्गदर्शन पर "मल्टी मीडिया पैकेज" तैयार करना

अध्यापकों तथा अभिभावकों के लिए तैयार की जाने वाली इस अनुदेशी सामग्री का उद्देश्य , विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षिक प्रौद्योगिकी के विषय में, आधारभूत शैक्षिक तथा व्यावसायिक मागदर्शन जुटाना है। दस श्रव्य कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। 'ये भी संभव है' तथा "श्रम ही पूजा है" नामक दो वीडियो कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। "सेल्फ अंडर स्टैंडिंग एण्ड कैरियर अवेयरनेस" तथा "कैरियर अवेयरनेस" नामक खंड 1 तथा 2 के प्रकाशन को अंतिम रूप दिया गया है।

(8) व्यवहार परिवर्तन का अध्ययन

इस कार्यक्रम का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा में सुधार के क्षेत्र में सक्षमता प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षकों की सहायता के लिए एक स्रोत पुस्तक के रूप में अनुदेशी सामग्री का विकास करना है।

पुस्तक की पाण्डुलिपि में शामिल प्रपत्रों/अध्यायों की समीक्षा की गई तथा एक कार्यशाला में इसे अंतिम रूप दिया गया।

(9) प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक श्रृंखला

इसका उद्देश्य ऐसी पुस्तिकाओं की श्रृंखला तैयार करना है जिसमें सरल रूप से मनोविज्ञान का प्रचलित ज्ञान शामिल हो ताकि अध्यापक तथा अभिभावक अपने बच्चों को अधिकाधिक दक्षता एवं सरलता से मार्गदर्शन दे सकें और उनके विकास एवं सीखने में सहायता कर सकें।

सोलह शीर्षकों में शामिल सामग्री का विवरण तथा अन्य मार्गदर्शन एक कार्यशाला में विकसित किए गए हैं।

(10) गुणात्मक शिक्षा के लिए अध्यापकों में मूल्यों का विकास करना

इसका उद्देश्य अध्यापक शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज तैयार करना है ताकि वे अपने आप में आत्म-बोध, सामाजिक, नैतिक एवं कार्य मूल्यों का विकास तथा बच्चों और शिक्षण व्यवसाय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना सकें। गहन पुस्तक संग्रह कार्य तथा संकाय सदस्यों के बीच हुई बातचीत एवं संबंधित साहित्य की समीक्षा करने के बाद, दो प्रपत्रों का विकास किया गया।

(11) मनोविज्ञान में +२ स्तर पर (नए पाठ्यक्रम पर आधारित) मद बैंक का विकास

ये मदें एक कार्यशाला में तैयार की गई हैं ।

(12) जिन बच्चों को सीखने में कठिनाई है उनके लिए अधिगम क्लीनिक की स्थापना करना

नमूना सर्वेक्षण के बाद कक्षा 2 स्तर पर निदान कार्य आरम्भ किया गया।

(13) भारत में बाल-मनोविज्ञान : वर्तमान रुख तथा भावी परिप्रेक्ष्य

इसका उद्देश्य वर्तमान अनुसंधान साहित्य के आधार पर भारतीय बच्चों के विकास की पद्धति की रूपरेखा तैयार करना है ताकि भारतीय बालक का एक संपूर्ण चित्र उभरकर सामने आ सके।

परामर्श बैठकों तथा विषयों को अंतिम रूप देने के पश्चात पुस्तक के विकास का कार्य चल रहा है।

(14) बाल तथा युवा मनोविज्ञान में हुए अनुसंधानों का अध्ययन

पुस्तक की पाण्डुलिपि तैयार कर ली गई है तथा प्रकाशनार्थ भेजी जा चुकी है।

(15) विद्यार्थियों में अधिकतम स्वतः पोषण तथा कार्योन्मुखता उत्पन्न करने के लिए प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को मार्गदर्शन देना

आत्म-ज्ञान तथा व्यक्तिगत विकास से संबंधित इस अवधारणा का विकास किया गया है। जीवनवृत्ति सूचनाओं को पढ़ाए जाने वाले विषयों में समाहित किया गया है। विज्ञान, सामाजिक अध्ययन तथा भाषा से संबंधित कार्यकलापों के ढाँचे का विकास तथा परीक्षण किया गया।

(16) मार्गदर्शन प्रयोगशाला तथा व्यावसायिक सूचना का विकास

शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं तथा मार्गदर्शन कार्यकलापों में कार्यरत संकाय सदस्यों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन प्रयोगशाला के लिए अपेक्षित सामग्री खरीदी गई।

(17) विद्यालय के विद्यार्थियों को समकक्ष परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास

विद्यार्थियों, अध्यापक प्रशिक्षकों तथा प्रमुख व्यक्तियों के लिए सचित्र परामर्शदाता नियमपुस्तिका के तीन अध्याय लिखने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(18) माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन के लिए मापदण्डों का विकास

मापदण्ड तैयार करने का उद्देश्य माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों का अधिगम कौशल, अंतः व्यक्तिगत कौशल, जीवनवृत्ति विकास कौशल तथा कार्मिक प्रबंध कौशल के विकास में सुविधा प्रदान करने के लिए स्वतः अनुदेशी सामग्री उपलब्ध कराना है। एक कार्यशाला में आठ में से पाँच मापदण्डों का विकास किया गया।

(19) मार्गदर्शन परामर्शदाताओं के लिए नियमावली

यह नियमावली छात्रों, अध्यापकों तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को सहायता देने वाले मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए स्रोत सामग्री के रूप में सहायक होगी।

6.1.4 प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 1991-92 के दौरान डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :

(1) शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम

डी.ई.पी.सी.जी. ने वर्ष 1991-92 के दौरान शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन के 31 वें डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन किया। आन्ध्र प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ., दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र , मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश से आए 28 प्रशिक्षुओं ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। यह पाठ्यक्रम, माध्यमिक विद्यालयों में मार्गदर्शन ब्यूरो चलाने के लिए परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित करने तथा राज्य मार्गदर्शन ब्यूरो, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों, तथा विश्वविद्यालयों के शैक्षिक/मनोविज्ञान विभागों के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है।

(2) डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

11 से 27 नवंबर, 1991 तक, नई दिल्ली में, डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का दूसरा गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान उत्तरप्रदेश से आए 37 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के बच्चे के विकासात्मक पक्ष, अधिगम, प्रेरणा, सोच-विचार, बौद्धिकता, व्यक्तित्व, व्यवहार में सुधार, सृजनात्मकता तथा मार्गदर्शन शामिल है। वास्तविक प्रशासन तथा परीक्षा परिणामों की व्याख्या एवं कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में प्रतिवेदन तैयार करने के संबध में भी प्रशिक्षण दिया गया।

6.1.5 विस्तार कार्यकलाप

(1) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन तथा परामर्श का अभिविन्यास कार्यक्रम

एस.सी.ई.आर.टी. पुणे में 10 से 12 दिसंबर, 1991 तक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन तथा परामर्श पर तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पाश्चात्य क्षेत्रों के प्रधानाचार्यों, प्रशासकों तथा माध्यमिक स्तर के शैक्षिक प्रशासकों को, आधारभूत अवधारणाओं, दर्शन तथा मार्गदर्शन एवं परामर्श की विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराना है ताकि वे इस क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं को नेतृत्व उपलब्ध करा सकें।

(2) मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम

विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु परामर्शदाताओं तथा मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए नई दिल्ली में डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(3) राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन

तिरूपति में 25 से 27 फरवरी, 1992 तक राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्यों में मार्गदर्शन सेवाओं की स्थिति के साथ-साथ भावी कार्ययोजनाएँ भी प्रस्तुत कीं। इस सम्मेलन में बहुत सी सिफारिशें की गईं।

(4) 2001 में रोजगार सेवाओं की भूमिका पर त्रिपक्षीय कार्यशाला

डी.ई.पी.सी.जी. ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-रोजगार व प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा गोवा में आयोजित "2001 में रोजगार सेवाओं की भूमिका पर त्रिपक्षीय कार्यशाला" में भाग लिया तथा "भारत में शैक्षिक विकास के संदर्भ में व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का रोजगार सेवा के संबध में भावी रूप", नामक प्रपत्र के माध्यम से योगदान दिया।

(5) परामर्श तथा प्रसार कार्यकलाप

उपरोक्त कार्यक्रमों और कार्यकलापों के अतिरिक्त डी.ई.पी.सी.जी. के संकाय सदस्यों ने बहुत सी बैठकों में भाग लिया तथा विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं/संगठनों को परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराईं।

विभिन्न अनुसंधान तथा विकास कार्यकलापों एवं प्रशिक्षण/विस्तार कार्यक्रमों से संबंधित कार्य के एक भाग के रूप में, डी.ई.पी.सी.जी. ने अनेक कार्यशालाएँ, बैठकें, सम्मेलन इत्यादि आयोजित किए जिनका विवरण तालिका 6.1 में दिया जा रहा है।

तालिका 6.1

डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/संगोष्ठियाँ/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम सं.	*कार्यक्रम का विषय*	*दिनांक*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
1.	राष्ट्रीय शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय के परीक्षणों की समीक्षा के लिए कार्यशाला	9-13 सितंबर, 1991 27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	15 7

1991-92

1	2	3	4	5
2.	शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 अगस्त, 1991 से 30 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	28
3.	गुणात्मक शिक्षा के लिए अध्यापकों में मूल्यों का विकास	23 अगस्त, 1991	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	5
4.	प्रसिद्ध मनोविज्ञान श्रृंखला के विषय की रूपरेखा को अन्तिम रूप देने के लिए कार्यशाला	8–11 अक्टूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	12
5.	प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में सृजनात्मक संभावनाओं के पोषण पर तैयार पुस्तिका के संपादन के लिए शैक्षिक बैठक	10–15 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	1
6.	मनोविज्ञान में +2 स्तर पर नए पाठ्यक्रम पर आधारित मद बैंक के विकास पर कार्यशाला	21–25 अक्टूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	18
7.	भारत में बाल मनोविज्ञान : वर्तमान रुख और भावी परिप्रेक्ष्य : विषय निर्धारण के लिए सलाहकार समिति की बैठक	25–26 जुलाई, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	4
8.	विद्यालय के विद्यार्थियों को समकक्ष परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास करने हेतु कार्यशाला	28–30 अक्तूबर, 1991 21–23 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3 4
9.	माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन के लिए मापदण्डों का विकास करने हेतु कार्यशाला	3–5 अक्तूबर, 1991 25–27 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	4 6
10.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	7–16 मई, 1991 19–26 अगस्त, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	11 12
11.	डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का प्रशिक्षण कार्यक्रम	11–12 नवंबर, 91	एन.सी.ई.आर.टी.	37
12.	वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन तथा परामर्श का अभिविन्यास कार्यक्रम	10–12 दिसंबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. पुणे	45
13.	मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम	31 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	40
14.	राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन	25–27 फरवरी, 1992	एस.वी. विश्वविद्यालय तिरूपति	27
15.	मनौवैज्ञानिक परीक्षणों के परिणामों तथा समस्याओं पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	26–28 अगस्त, 1991 4–7 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली भारतीदासम विश्वविद्यालय, त्रिची	5 28
16.	व्यवहार परिवर्तन का अध्ययन : शैक्षिक बोर्ड की बैठक	23–27 सितंबर, 1991 28–31 जनवरी, 1992	डी.वी.यू. वाराणसी मद्रास विश्वविद्यालय	4 4
17.	अध्यापक शिक्षकों को आत्म ज्ञान तथा मूल्य अभिविन्यास में प्रशिक्षित करने के लिए एक 'पैकेज' के विकास हेतु कार्यशाला	23–27 मार्च, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर	11

6.2 अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

6.2.1 सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा के सुधार के कार्यक्रम, एन.सी.ई.आर.टी. की प्रमुख गतिविधियों में से एक हैं। इस पर बल देने की आवश्यकता नहीं है कि विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अध्यापक का विकास एक कठिन कार्य है। वर्ष 1991-92 के दौरान, विद्यार्थी अध्यापकों, सेवाकालीन अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए अध्यापक शिक्षा पाठ्यविवरण तथा विभिन्न पाठ्यविवरण क्षेत्रों में आदर्श अनुदेशी सामग्री के विकास सहित, प्राथमिक तथा माध्यमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधान तथा विकासात्मक कार्यकलापों पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण प्रभावों को वास्तविक कक्षा तक पहुँचाने के लिए बाल केन्द्रित-शिक्षा की अंतर्संरचना को उसकी अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रविधि का विकास किया गया। इसके अतिरिक्त, एन.सी.ई.आर.टी.राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई) को निरंतर शैक्षिक एवं प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

6.2.2 अनुसंधान एवं मूल्यांकन

विषय के विकास तथा अध्यापक शिक्षा की प्रक्रिया में अनुसंधान कार्य में सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न अनुसंधान एवं मूल्यांकन अध्ययन चलाए गए। इन अध्ययनों की विशिष्टताएँ नीचे दी जा रही हैं :

6.2.2.1 एक/दो अध्यापकों वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की समस्याओं का पता लगाना

बिहार, मध्यप्रदेश तथा राजस्थान के 18 जिलों में चलाए जा रहे 642 एक/दो अध्यापक वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन पूरा करने पर यह पता चला कि इन विद्यालयों में भवन, उपस्कर, पुस्तकालय सुविधा आदि अपर्याप्त हैं जो कि एक/दो अध्यापक वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन आयोजित करने के लिए अनिवार्य हैं। अध्यापकों ने श्रेणी बहुल अध्यापन में कठिनाई का सामना किया तथा श्रेणी बहुल स्थितियों में अध्यापन के लिए विशिष्ट अभिविन्यास की इच्छा व्यक्त की।

यह पाया गया कि 75% अध्यापक ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड सामग्री का उपयोग कर रहे थे तथा 90% से अधिक अध्यापकों ने यह महसूस किया कि यदि उन्हें सुविधाएँ उपलब्ध होतीं तथा प्रशिक्षण प्राप्त होता तो भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन में न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) के उद्देश्य तक पहुँचा जा सकता था। अन्य बातों के साथ-साथ, अध्ययन के परिणाम स्वरूप, श्रेणी बहुल अध्यापक के लिए विद्यालयों तथा कक्षाओं के गठन में सुधार के लिए कार्यनीति की आवश्यकता दर्शायी गई।

6.2.2.2 माध्यमिक अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों में कार्य अनुभव कार्यक्रम का अध्ययन

अध्ययन के लिए 150 माध्यमिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों से संपर्क किया गया जिनमें से केवल 50 संस्थानों ने ही उत्तर दिए। आधे से अधिक संस्थानों में अध्यापक प्रशिक्षण में कार्य अनुभव अनिवार्य अवयव नहीं है। मूल्यांकन भी संतोषजनक नहीं पाया गया। ढाँचागत सुविधाएँ जैसे उपस्कर, औजार, कर्मशालाएँ तथा कच्चे माल के लिए आवर्ती निधि इत्यादि भी अपर्याप्त हैं। कार्य अनुभव कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने के लिए गंभीर प्रयास अपेक्षित हैं।

6.2.2.3 जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन (डी. आई.ई.टी.)

प्रथम चरण में स्वीकृत राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा राज्यों के जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टी.) की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया गया। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि प्रथम चरण में स्वीकृत जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टीज.) ने 1989 तक कार्य आरम्भ कर दिया था। अध्ययन के अंतर्गत आने वाले सभी डी.आई.ई.टी. में संस्थानों के प्रधानाचार्य पदासीन थे लेकिन उड़ीसा तथा मध्यप्रदेश के डी. आई.ई.टी. में वरिष्ठ प्राध्यापकों के पद रिक्त थे। मा. सं. वि. मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए भर्ती संबधी मार्गनिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा। राजस्थन तथा मध्य प्रदेश के डी. आई.ई.टी. ने सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा के लिए 50 प्रशिक्षणार्थियों

के प्रवेश की निर्धारित सीमा को पार कर लिया। डी.आई.ई.टी., सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए, संसाधनों की कमी महसूस कर रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में प्रशिक्षित तथा सुयोग्य संसाधन व्यक्तियों का अभाव भी एक बाधा है।

6.2.3 विकास

प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा के लिए विकसित किए गए पाठ्यक्रम तथा पाठ्यचर्या मार्गनिर्देशों के आधार पर, विभिन्न क्षेत्रों में, मुद्रित तथा गैर-मुद्रित दोनों प्रकार की, आदर्श साम्रगी के विकास पर ही कार्यकलाप केन्द्रित रहे। यह साम्रगी, केवल अध्यापक शिक्षा की केन्द्रकृत प्रायोजित योजना के अंतर्गत आने वाले संस्थानों में ही नहीं, बल्कि अन्य संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों में भी सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन अध्यापन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार के लिए प्रयोग में लाई जाएगी।

अनुदेश सामग्री के लेखकों तथा लिखित साम्रगी की समीक्षा के लिए कार्यदल की बैठकें आयोजित की गईं। विद्यार्थी अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए मुद्रित तथा गैर-मुद्रित सामग्री के विकास हेतु आयोजित कार्यदल की बैठक संबंधी सूचना, तालिका 6.2 में दी गई है।

विज्ञान के अध्यापन, मातृभाषा के रूप में हिन्दी के अध्यापन, टीचर फंक्शन्स (अंग्रेजी रूपान्तर), टीचर फंक्शन्स (हिन्दी रूपान्तर), कार्यअनुभव का अध्यापन, श्रेणीबहुल अध्यापन पर पुस्तिका, तथा डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचायों के प्रशिक्षण के लिए मापदण्ड इत्यादि पुस्तकों की पाण्डुलिपियाँ विकास की अलग अलग अवस्थाओं में हैं।

6.2.4 भारतीय शिक्षा विश्वकोश

विश्वकोश के लिए विषय निर्धारित कर लिए गए हैं तथा रचनाकारों की आरंभिक सूची तैयार की जा चुकी है। भारतीय शिक्षा के विश्वकोश के निर्माण के लिए संकाय सदस्यों की व्यवस्था हेतु एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

6.2.5 प्रशिक्षण

एन.सी.ई.आर.टी. अध्यापक शिक्षा की पुनर्संरचना की केन्द्रीय प्रायोजित योजना को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डी. आई.ई.टी.) तेजी से उभर रहे हैं। अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय (सी.टी.ई.) तथा शिक्षा में उन्नत अध्ययन के संस्थान (आई. ए.एस.ई.) भी उभर रहे हैं। वर्ष 1991-92 के दौरान डी. आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों तथा सी.टी.ई. एवं आई.ए.एस. ई. के प्रधानाचार्यों के प्रवेश प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण तथा अन्य कार्यक्रमों के विषय में सूचना तालिका 6.2 में दी गई है।

6.2.6 1990 में विद्यालयी शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

''1990 में विद्यालयी शिक्षा : समस्याएँ और संदर्श'' पर 18 से 19 सितंबर 1991 तक एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। अनेक प्रबुद्ध शिक्षाविदों ने इन तीन विषयों को विशेष रूप से केन्द्रित करके विद्यालयी शिक्षा की समस्याओं पर विचार व्यक्त किए :

(1) प्राथमिक शिक्षा का सामान्यीकरण,
(2) माध्यमिक शिक्षा का गुणात्मक विस्तार तथा
(3) सुविधाविहीन समूहों की शिक्षा के विशेष संदर्भ में भारतीय समाज तथा शिक्षा।

6.2.7 प्रकाशन

मुद्रण

1. स्कूल एजूकेशन फॉर 1990
2. मॉडल्स ऑफ टीचिंग-रिपोर्ट ऑफ द थ्री फेज स्टडी-सी. ए.एम.तथा आई.टी.एम.
3. एलिमेन्ट्री टीचर एजूकेशन-गाइडलाइन एण्ड सिलेबी
4. सेकेन्ड्री टीचर ऐजूकेशन - गाइडलाइन एण्ड सिलेबी
5. टीचर ऐजूकेशन इन इण्डिया - ए रिसोर्स बुक
6. एन.सी.टी.ई. बुलेटिन, वोल्युम-II, नं. 1
7. एन.सी.टी.ई. बुलेटिन, वोल्युम - II, नं. 2 एण्ड 3

अनुलिपित्र

8. इन्नोवेटिव थॉट्स एण्ड एक्सपेरिमेन्ट्स इन टीचर ऐजूकेशन

9. आईडेंटिफिकेशन ऑफ प्रॉबलम्स ऑफ टीचर्स इन सिंगल/टू टीचर्स प्राइमरी स्कूल्स
10. कोरिलेट्स ऑफ स्टूडेन्ट टीचर ऐचीवमेन्ट्स - ए ट्रेंड रिपोर्ट
11. मल्टीग्रेड टीचिंग - इनसर्विस ऐजूकेशन पैकेज
12. मल्टीग्रेड टीचिंग - ए टैक्स्ट बुक फॉर ऐलिमेन्ट्री टीचर ट्रेनिंग
13. डिस्ट्रिक्ट इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग -- ए स्टडी ऑफ उड़ीसा
14. ऐप्रेजल ऑफ डी.आई.ई.टीज इन मध्यप्रदेश
15. ऐप्रेजल ऑफ डी.आई.ई.टीज इन राजस्थान
16. गाइडलाइन फॉर साइन्स लैबोरेट्रीज इन डी.आई.ई.टीज.
17. गाइडलाइन फॉर डिवलपमेंट ऑफ साइकॉलोजी लैबोरेट्री इन डी.आई.ई.टीज
18. यूज ऑफ कम्प्यूटर्स इन डी.आई.ई.टीज - गाइडलाइन्स
19. सैल्फ-लर्निंग मॉड्यूल्स (फॉर प्रिंसिपल्स ऑफ डी.आई.ई.टीज)
20. ए स्टडी ऑफ वर्क एक्सपीरिएन्स प्रोग्राम इन सैकेन्ड्री टीचर ऐजूकेशन कॉलेजिस।

तालिका 6.2

डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित कार्यशाला/संगोष्ठी/सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
विकासात्मक कार्यक्रम				
1.	मातृभाषा शिक्षण के लिए पठन सामग्री तैयार करने हेतु कार्यदल की बैठक	17 मई से 19 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	6
2.	अध्यापकीय कार्य के क्षेत्र में पठन सामग्री तैयार करने के लिए कार्यदल की बैठक (अंग्रेजी रूपान्तर)	24 से 26 जून, 1991	शिमला	5
3.	कार्य अनुभव पर पठन सामग्री तैयार करने के लिए कार्यदल की बैठक	22–26 अगस्त, 1991	उदयपुर	4
4.	हिन्दी शिक्षण के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री का विकास करने के लिए दूसरे कार्यदल की बैठक	3–6 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
5.	अध्यापकीय कार्य के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए कार्यदल की बैठक (हिन्दी रूपान्तर)		एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
6.	हिन्दी शिक्षण के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यदल की बैठक		एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	–
7.	मातृभाषा में अनुदेशी सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षात्मक बैठक	30 मार्च से 8 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
8.	अध्यापकीय कार्यों पर अनुदेशी सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षा बैठक	23 से 27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5

1991-92

1	2	3	4	5
9.	विज्ञान शिक्षण की पाठ्यचर्या के विकास के लिए कार्यदल की बैठक	3–4 अक्तूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3
10.	उदीयमान भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या सामग्री के विकास के लिए कार्यदल की बैठक	4–6 दिसंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3
11.	विज्ञान के शिक्षण पर सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षात्मक बैठक	12–13 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	6
12.	श्रेणीबहुल अध्यापन के लिए प्राथमिक अध्यापक शिक्षा हेतु पाठ्यपुस्तक की योजना तथा प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण हेतु मार्गनिर्देश तैयार करने के लिए कार्यशाला	9–16 सितंबर, 1991	अहमदाबाद	15
13.	दूरदराज क्षेत्रों में श्रेणीबहुल अध्यापन के प्रयोग के लिए मल्टीमीडिया किट की समीक्षा करने तथा अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	23–27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	7
14.	वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों की सेवाकालीन शिक्षा हेतु पाठ्यक्रम की रूपरेखा तथा मार्गनिर्देश के पैकेज को अंतिम रूप देना।	8–12 जनवरी, 1992	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय	22
15.	माध्यमिक अध्यापक शिक्षा में कार्य अनुभव कार्यक्रमों के सुधार हेतु कार्यनीति पर परामर्श दल की बैठक	30 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	7
16.	डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए कार्यनीति को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	27–28 मई, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	22
17.	डी.आई.ई.टी. की मनोविज्ञान प्रयोगशाला हेतु मार्गनिर्देशों के विकास के लिए कार्यशाला	3–4 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	14
18.	प्रशिक्षण सामग्री की समीक्षा के लिए डी.आई.ई.टी. प्रधानाचार्यों की बैठक	23–27 मार्च, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	5
	प्रशिक्षण कार्यक्रम			
19.	सी.टी.ई. तथा आई.ए.एस.ई. के प्रधानाचार्यों के लिए नियोजन तथा अभिविन्यास कार्यक्रम	8–10 जुलाई, 1991	क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय भोपाल	31
20.	डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों को मनोविज्ञान प्रयोगशाला के प्रयोग में प्रेरण प्रशिक्षण	17–18 जून, 1991	मंसूरी	14
21.	कम्प्यूटर के प्रयोग हेतु डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों का प्रेरण प्रशिक्षण	13–14 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	2
22.	डी.आई.ई.टी. प्रधानाचार्यों का प्रेरण प्रशिक्षण	3–10 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	42
23.	कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	30 मार्च से 10 अप्रैल, 1992	दिल्ली	28

1	2	3	4	5
समर्थन, प्रचार-प्रसार				
24.	विद्यालयी शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	18–19 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	85
25.	संगोष्ठी : अध्ययन कार्यक्रम	2–4 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	13

6.3 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा के नवाचार कार्यक्रमों का विकास एन.सी.ई.आर.टी. के प्रमुख कार्यों में से एक है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.), विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पक्षों से संबंधित अनुसंधान अध्ययन, अध्यापक शिक्षकों, अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षुओं के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास, एवं विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधारों के लिए प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्यकलापों में, कार्यरत हैं।

प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए प्रबंध करता है। क्षे.शि.म. अजमेर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-काश्मीर, पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश - राज्यों तथा संघ शासित प्रदेश चण्डीगढ़ तथा दिल्ली की शैक्षिक आवश्यकताओं का प्रबंध करता है। क्षे.शि.म. भोपाल, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश, तथा महाराष्ट्र राज्यों एवं दादरा व नागर हवेली तथा दमण व दीव की शैक्षिक आवश्यकताओं का प्रबंध करता है। अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल - राज्यों, संघ शासित प्रदेश अंडमान -निकोबार द्वीप-समूह का शैक्षिक प्रबंध क्षे.शि.म. भुवनेश्वर के अंतर्गत आता है जबकि आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु-राज्यों तथा लक्षद्वीप एवं पाण्डिचेरी संघ शासित क्षेत्रों का प्रबंध क्षे.शि.म. मैसूर द्वारा किया जाता है।

6.3.1 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर

6.3.1.1 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर, (1) बी.एस.सी. (आनर्स) बी.एड डिग्री, (2) बी.एस.सी. (पास) बी.एड डिग्री के लिए विज्ञान शिक्षा में चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, विज्ञान/कृषि/वाणिज्य/भाषा (अंग्रेजी/हिन्दी/उर्दू) में विशेषज्ञता सहित तथा (3) विज्ञान/वाणिज्य/भाषा में विशेषज्ञता सहित एक वर्षीय एम.एड पाठ्यक्रम चलाता है। महाविद्यालय में जो कि अजमेर विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, शिक्षा तथा विज्ञान में पी.एच.डी. के लिए प्रत्याशियों के पंजीयन की सुविधा भी है।

महाविद्यालय, उत्तरी क्षेत्र के (1) राजस्थान (2) उत्तरप्रदेश (3) हिमाचल प्रदेश (4) जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़ राज्यों के क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों (एन.सी.ई. आर.टी.) के प्रशासनिक कार्यों को भी देखता है।

6.3.1.2 नामांकन

क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा वर्ष 1991-92 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के नामांकन का ब्यौरा तालिका 6.3.1.1 तथा 6.3.1.2 में दिया गया है।

परीक्षा परिणाम

क्षे.शि.म., अजमेर द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल तालिका 6.3.1.3 में दिए गए हैं। बी.एड. पाठ्यक्रम का समग्र सफलता प्रतिशत 95.5% , एम.एड. पाठ्यक्रम का 100% तथा बी.एस.सी. (ऑनर्स/पास) बी.एड. के अंतिम वर्ष का 98%रहा।

6.3.1.3 क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान चलाए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की कुछ मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं

1991-92

(1) ''क्लास'' परियोजना तथा कम्प्यूटर शिक्षा

क्षे.शि.म. , अजमेर, ''क्लास'' परियोजना के अंतर्गत आने वाले राजस्थान के 46 विद्यालयों को प्रचालन संबंधी सहायता प्रदान करता है। इनमें से 15 विद्यालयों को, बी.बी.सी. माइक्रो का हिन्दी में शब्द संसाधित्र के रूप में प्रयोग करने के लिए हिन्दी आर.ओ.एम. उपलब्ध कराए गए हैं। क्षे.शि.म. अजमेर इन विद्यालयों के अध्यापकों को कम्प्यूटर के प्रयोग का प्रशिक्षण देता है। बी.एस.सी. (आनर्स/पास) बी.एड. पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष के विद्यार्थी अनुप्रयुक्त विज्ञान के रूप में कम्प्यूटर शिक्षा का प्रशिक्षण पा रहे हैं। उनके अतिरिक्त, महाविद्यालय में आगन्तुकों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में, राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 वरिष्ठ अध्यापकों तथा मुख्य अध्यापकों को शामिल किया गया।

(2) एम.एल.एल. कार्यक्रम

क्षे.शि.म., अजमेर ने न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कुछ अन्य क्रियाकलापों का आयोजन किया।

(3) विज्ञान तथा गणित शिक्षा में सुधार (मा.सं.वि.मं. परियोजना)

इस परियोजना के अंतर्गत क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा, + 2 स्तर पर विज्ञान तथा गणित शिक्षण हेतु, अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका का विकास किया जा रहा है।

(4) डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों के लिए प्रेरण स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्षे.शि.म. अजमेर, राजस्थान राज्य के एस.सी.ई.आर.टी. तथा डी.आई.ई.टी. संस्थानों को डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के प्रशिक्षण के आयोजन के लिए शैक्षिक सहायता उपलब्ध कराता है। डी.आई.ई.टी. संस्थानों के कार्य अनुभव अध्यापक शिक्षकों के लिए एक 15 दिवसीय प्रेरण स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पृष्ठभूमि सामग्री का विकास भी किया गया।

(5) जनसंख्या शिक्षा

11 से 17 जुलाई, 1991 तक जिला स्तर पर जनसंख्या शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के लिए 9 से 12 अक्तूबर, 1991 तक एक अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

क्षे.शि.म. अजमेर का जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ ''छोटा परिवार प्रतिमान न अपनाने के उत्तरदायी घटक'' नामक एक परियोजना चला रहा है। इस परियोजना के नमूने के अंतर्गत राजस्थान राज्य के बहुत सी गंदी बस्तियों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा परिवहन इलाकों को शामिल किया गया।

(6) शैक्षिक प्रौद्योगिकी

क्षे.शि.म. अजमेर ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के सहयोग से सेवा-पूर्व तथा सेवाकालीन अध्यापकों को विभिन्न विषयों में अध्यापन हेतु संपूर्ण मूल्य शिक्षा देने के संबंध में अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा गणित के पाठों का वीडियो टेप तैयार किया है।

क्षे.शि.म. अजमेर में 13-23 मार्च, 1992 तक ''विज्ञान तथा गणित शिक्षण के अभिनव तरीके'' पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में ''ऊर्जा'' तथा ''सरल बीज गणितीय समीकरण'' इत्यादि पर वीडियो टेप तैयार किए गए।

(7) विशेष शिक्षा

क्षे.शि.म. अजमेर ने यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना ''विकलांगों की संपूर्ण शिक्षा'' (पी.आई.ई.डी.) के अंतर्गत एक वर्षीय बहु-श्रेणी अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। राजस्थान राज्य तथा संघ शासित प्रदेश दिल्ली के 18 प्रतिभागियों को इसमें प्रशिक्षित किया गया।

(8) एम.एम.आर.ए. परियोजना

महाविद्यालय ने, ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान शिक्षण के सुधार को ध्यान में रखते हुए, स्थानीय संसाधनों तथा लोगों के अनुभवों का प्रयोग करके, ''एप्रोप्रिएट साइन्स फॉर रूरल एरियाज''

नामक पुस्तक का प्रायोगिक अंक प्रकाशित किया है। अन्य बातों के अतिरिक्त, मुख्य संसाधन व्यक्तियों को दिशा देने के लिए 6-11 जनवरी, 1992 तक एक छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(9) बालिका परियोजना

क्षे.शि.म. अजमेर, एन.सी.ई.आर.टी. के महिला शिक्षा विभाग की "प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं के पढ़ाई जारी रखने तथा जारी न रखने के कारण" नामक परियोजना के आयोजन में सहयोग दे रहा है। यह परियोजना राजस्थान के अजमेर तथा बनस्वारा जिलों में एक-एक ब्लॉक में चलाई जा रही है।

(10) प्रश्नपत्र विश्लेषण परियोजना

क्षे.शि.म. अजमेर ने माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के वर्ष 1990 के प्रश्नपत्रों, (इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र/राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी तथा उत्तरी क्षेत्र के राज्य बोर्डों की राज्य भाषा), के विश्लेषण के लिए छः कार्यशालाएँ आयोजित कीं। समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र तथा राष्ट्रीय अखंडता के संवैधानिक सिद्धांतों के दृष्टिकोण से प्रश्नपत्रों का विश्लेषण किया गया। इस प्रकार के पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए उक्त विश्लेषण के आधार पर सुझाव दिए गए।

(11) संपूर्ण साक्षरता कार्यक्रम

क्षे.शि.म. अजमेर के विद्यार्थी, स्टाफ के सदस्य तथा महाविद्यालय से संबद्ध बहुउद्देशीय प्रदर्शन विद्यालय, कोटरा गाँव में माध्यमिक विद्यालय तथा स्वयंसेवी ऐजेंसियों द्वारा गाँव में तथा क्षे.शि.म. परिसर में 100% साक्षरता प्राप्त करने के उद्देश्य में, सहायता कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षुओं को शिक्षण सामग्री (पुस्तकें तथा स्लेट) बाँटी गई। कुछ रैलियों तथा नुक्कड़ कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। क्षे.शि.म. अजमेर के विद्यार्थियों की सहायता से मार्च, 1992 के इन्टर्नशिप कार्यक्रम के बाद एक बार फिर गहन कार्यक्रम चलाया जाएगा।

(12) विस्तार सेवाएं

क्षे.शि.म. अजमेर के विस्तार सेवा विभाग ने महाविद्यालय से संबद्ध राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की आवश्यकताओं तथा माँगों को ध्यान में रखकर, विद्यालय शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाओं/बैठकों/संगोष्ठियों आदि का आयोजन किया। विभिन्न राज्यों के बहुत से स्थानों पर वर्ष 1991-92 के दौरान इस प्रकार के 15 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का विवरण तालिका 6.3.1.4 में दिया गया है। क्षे.शि.म. अजमेर के विस्तार सेवा विभाग द्वारा आयुध फैक्टरी विद्यालय के अध्यापकों के लिए भी एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इनके अतिरिक्त, एन.आई.ई, सी.आई.ई.टी. नई दिल्ली सहित अन्य ऐजेंसियों को, कार्यक्रम आयोजित करने के लिए, स्थान तथा अन्य सुविधाएँ भी जुटाई गईं।

(13) प्रकाशन

अनुसंधान प्रतिवेदनों/विनिबन्धों तथा पत्रिकाओं के प्रकाशन के अतिरिक्त क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए :

(1) ऐजूकेशनल ट्रेंड्स
(2) मूल्यों को सीखना सिखाना

अध्यापक शिक्षकों तथा माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के लाभ के लिए मापदण्ड के रूप में (हिन्दी में) शिक्षण सामग्री का विकास भी क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा किया गया।

क्षे.शि.म. अजमेर के संकाय सदस्यों ने कुछ अन्य संगठनों/संस्थानों के कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों में भी भाग लिया। कुछ संकाय सदस्य अजमेर विश्वविद्यालय तथा मेरठ विश्वविद्यालय के अंतर्गत नामांकित कुछ पी.एच.डी. विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी कर रहे हैं।

(14) क्षे.शि.म. अजमेर ने वर्ष 1991-92 के दौरान बहुत सी कार्यशालाओं, संगोष्ठियों तथा अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का विवरण तालिका 6.3.1.1में दिया गया है।

1991-92

6.3.2 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल

क्षे.शि.म. भोपाल ने वर्ष 1991-92 के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम जारी रखे :

(1) एम.एड. --- विज्ञान शिक्षा, अध्यापक शिक्षा, मार्गदर्शन तथा परामर्श, एवं प्राथमिक शिक्षा में विशेषता सहित।

(2) बी.एस.सी.बी.एड -- चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम।

(3) बी.ए.बी.एड. -- चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम।

(4) बी.एड. -- विज्ञान तथा वाणिज्य में एक वर्षीय पाठ्यक्रम।

(5) बी.एड. (ऐलि.) --- प्राथमिक शिक्षा में एक वर्षीय पाठ्यक्रम।

6.3.2.1 नामांकन

शिक्षा सत्र 1991-92 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन तालिका 6.3.2.1 में दिया गया है।

6.3.2.2 परीक्षा परिणाम

शिक्षा सत्र 1991-92 के दौरान क्षे.शि.म. भोपाल द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम तालिका 6.3.2.2 में दिए गए हैं।

6.3.2.3 क्षे.शि.म. भोपाल द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान चलाए गए कुछ अन्य कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की मुख्य विशेषताएँ नीचे दी गई हैं :

(1) 26 जुलाई से 2 अगस्त 1991 तक जनसंख्या शिक्षा सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान, हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

(2) मध्यप्रदेश के डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के लिए 11 से 30 सितंबर 1991 तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल में जनसंख्या शिक्षा के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रोचक बात यह थी कि खेल, ऑडियो कैसेट, कहानी, पोस्टर, कार्ड (पेन्द्रा तथा कुण्डेश्वर ब्लॉक के डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों द्वारा) इत्यादि के रूप में विकसित स्व-शिक्षण सामग्री का प्रयोग स्वांग के रूप में किया गया ताकि प्रतिभागियों को यह महसूस हो कि पाठ्यचर्या तथा सह-पाठ्यचर्या कार्यकलापों के माध्यम से जनसंख्या शिक्षा के विषयों तथा संदेशों तक सोद्देश्य पहुँचा जा सकता है।

(3) जनसंख्या शिक्षा पर अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के लिए 19 से 24 अगस्त, 1991 तक एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के प्रयोग के लिए जनसंख्या शिक्षा पर (हिन्दी में) एक पुस्तिका का विकास करना था। जनसंख्या शिक्षा की अवधारणा, जनसांख्यिक विश्लेषण, उत्तरदायी मातृ-पितृत्व विलंबित विवाह, स्थानांतरण तथा शहरीकरण आदि जैसे विषयों पर सामग्री का विकास किया गया। इस सामग्री का अध्यापक शिक्षकों के एक लघु नमूने पर परीक्षण किया जाएगा और व्यापक प्रयोग के लिए अंतिम रूप दिया जाएगा।

(4) युवाओं पर जनसंख्या शिक्षा का प्रभाव तथा उनके भावी पारिवारिक जीवन के बारे में अवबोधन का अध्ययन, मध्यप्रदेश के भोपाल तथा होशंगाबाद जिलों के 1200 उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के एक नमूने पर किया जा रहा है।

(5) क्षे.शि.म., भोपाल के शिक्षा व्यावसायीकरण प्रकोष्ठ ने 21 से 26 अक्तूबर 1991 तक व्यावसायिक वाणिज्य शिक्षा पर एक संगोष्ठी-कार्यशाला आयोजित की।

(6) आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सेहोर के सहयोग से "फल एवं सब्जी परिरक्षण की कम लागत की तकनीक" पर 30 सितम्बर से 5 अक्तूबर 1991 तक एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र राज्यों से 25 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

(7) क्षे.शि.म., भोपाल के शिक्षा व्यावसायीकरण प्रकोष्ठ का कृषि अनुभाग (युनेस्को के) "कम्युनिटी ऐक्शन प्रोग्राम मैन्युअल" के उस अनुवाद कार्य के रूपांतरण

में मुख्य रूप से व्यस्त रहा, जो कृषि कार्य अनुभव के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री के रूप में प्रयुक्त होगा।

(8) क्षे.शि.म., भोपाल के शिक्षा व्यावसायीकरण प्रकोष्ठ के प्रौद्योगिकी अनुभाग ने डी.आई.ई.टी. कार्मिकों तथा विभिन्न राज्यों के कार्य-अनुभव अध्यापकों के लिए कार्यशाला आयोजित की।

(9) क्षे.शि.म., भोपाल में उपग्रह से सिगनल रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हिन्द महासागर पर 73 डिग्री पूर्व में स्थापित अमेरिकी तुल्यकाली उपग्रह फील्डसेट से किलोहर्ट्स पर सिगनल प्रेषित किए जा रहे हैं। इन सिगनलों का प्रयोग आयनमण्डल की रचना तथा गुणों के अध्ययन के लिए किया जाएगा। क्षे. शि.म., भोपाल का एक संकाय सदस्य सिगनलों की रिकॉर्डिंग में सहायता दे रहा है।

6.3.3 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर

6.3.3.1 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर निम्नलिखित सेवापूर्व पाठ्यक्रम चलाता है जो कि उत्कल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है :

(1) बी.ए. तथा बी.एड. (चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम) (पास तथा ऑनर्स)

(2) बी.एस.सी. तथा बी.एड. (चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम) पास तथा ऑनर्स

(3) बी.एड. (माध्यमिक) कला तथा विज्ञान (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)

(4) बी.एड. वाणिज्य (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)

(5) एम.एड. (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)

(6) बी.एस.सी. (जीव विज्ञान) एड. (दो वर्षीय पाठ्यक्रम)

(7) बी.एड (प्रारंभिक) कला तथा विज्ञान (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)

(8) बहुश्रेणीय अध्यापकों का प्रशिक्षण (यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त आई.ई.डी. परियोजना)

6.3.3.2 चार-वर्षीय पाठ्यक्रमों में सामान्य, व्यावसायिक तथा विषय शिक्षा का समेकित अनुक्रम प्रस्तुत किया जाता है। इन पाठ्यक्रमों की परिकल्पना विशेष रूप से विज्ञान तथा कला के क्षेत्र में सक्षम अध्यापक तैयार करने के लिए की गई है। विज्ञान में बी.एस.सी. तथा बी.एड के लिए अध्यापक शिक्षा के चार-वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम में भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित में ऑनर्स तथा अनुप्रयुक्त विज्ञान में प्रशिक्षण का प्रावधान है। विद्यार्थी निम्नलिखित विषय समूहों में से कोई एक चुन सकते हैं – "शिक्षा" सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है :

(1) गणित ऑनर्स/भौतिकी तथा रसायन विज्ञान पास के साथ।

(2) भौतिकी ऑनर्स/गणित तथा रसायन विज्ञान पास के साथ।

(3) रसायन विज्ञान ऑनर्स/भौतिकी तथा गणित पास के साथ।

(4) प्राणी विज्ञान ऑनर्स/वनस्पति विज्ञान तथा रसायन विज्ञान पास के साथ।

(5) वनस्पति विज्ञान ऑनर्स/प्राणी विज्ञान तथा रसायन विज्ञान ऑनर्स के साथ।

(6) अंग्रेजी ऑनर्स/इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थ शास्त्र तथा भाषा "पास" के साथ।

6.3.3.4 कला में बी.ए. तथा बी.एड. के अध्यापक शिक्षण के समेकित पाठ्यक्रम में, वाणिज्य के क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित, अंग्रेजी में ऑनर्स का प्रावधान है। एक विद्यार्थी निम्नलिखित में से कोई दो विषय पास विषयों के रूप में ले सकता है।

इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, उड़िया, हिन्दी, बंगाली इसके अतिरिक्त, उसे अंग्रेजी, आधुनिक भारतीय भाषा (उड़िया/हिन्दी/बंगाली, वैकल्पिक अंग्रेजी) तथा "शिक्षा" अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ने पडेंगे।

यद्यपि एम.एस.सी. (जीव विज्ञान) एड पाठ्यक्रम अखिल भारतीय पाठ्यक्रम है, क्षे.शि.म., भुवनेश्वर द्वारा चलाए जाने वाले अन्य सभी पाठ्यक्रम पूर्वी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए

तैयार किए गए हैं। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश, योग्यता तथा राज्य-वार कोटे तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, शारीरिक रूप से विकलांग प्रत्याशियों की सीटों के वैधानिक आरक्षण आदि के आधार पर किया जाता है।

6.3.3.5 नामांकन

वर्ष 1991-92 के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न सेवापूर्व पाठ्यक्रमों का नामांकन तालिका 6.3.3.1 में दिया गया है।

6.3.3.6 परीक्षा परिणाम

क्षे.शि.म., भुवनेश्वर द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम तालिका 6.3.3.2 में दिए गए हैं।

6.3.3.7 बहुश्रेणी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

वर्ष 1990-91 के दौरान क्षे.शि.म., भुवनेश्वर द्वारा, समेकित विद्यालयों में कार्यरत तथा उड़ीसा, मिजोरम तथा नागालैण्ड राज्य सरकारों द्वारा प्रतिनियुक्त प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए, एक वर्षीय बहु-श्रेणी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय ने वर्ष 1991-92 के वर्तमान सत्र के दौरान अध्यापकों के तीसरे दल के लिए बहु-श्रेणी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया। ये पाठ्यक्रम यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त "विकलांगों की समेकित शिक्षा" की उस परियोजना के अंतर्गत आयोजित किए गए जो कि अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., द्वारा चलाई जा रही है। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रमाण पत्र एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

